

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938



नई सोच नई पहल

ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 276 | ग्वालियर, गुरुवार, 27 जुलाई 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### आप ने अपने सांसदों के लिए जारी किया व्हिप



**नई दिल्ली।** दिल्ली अध्यादेश को लेकर आम आदमी पार्टी और केंद्र सरकार आमने सामने है. मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद सोमवार को लोकसभा में दिल्ली अध्यादेश बिल पेश करेगी. गृह मंत्री अमित दिल्ली अध्यादेश बिल पेश करेंगे. वहीं, आम आदमी पार्टी ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है. आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और आप के चीफ व्हिप सुशील गुप्ता ने सांसदों को उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है. 23 जुलाई को राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने सांसदों को 24 से 28 जुलाई तक हर दिन सदन में मौजूद रहने को कहा है. सोमवार को सदन में अध्यादेश से जुड़ा बिल पेश होने की संभावना को देखते हुए इस व्हीप को आगे के लिए भी एक्सटेंड किया जा सकता है. आप ने अपने सांसदों के लिए जारी किया व्हिप, राज्यसभा में 28 जुलाई तक रहना जरूरी यह खबर अभी ब्रेकिंग न्यूज है. इसके अपडेट आ रहे हैं. जैसे-जैसे अपडेट आते जाएंगे हम आप तक पहुंचाएंगे.

### पुणे में शख्स ने कर्ज न चुकाने वाले पति के सामने उसकी पत्नी से किया 'दुष्कर्म'



**पुणे।** यहां एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने 34 वर्षीय महिला को चाकू से डराकर उसके पति के सामने कथित तौर पर दुष्कर्म किया, जिसने एक छोटे से व्यक्तिगत ऋण का भुगतान नहीं किया था, इस घटना को फिल्माया और वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना इस साल फरवरी में हडपसर में हुई, जब 47 वर्षीय आरोपी इम्तियाज एच. शेख ने कथित तौर पर पीड़िता के पति को 40,000 रुपये का दोस्ताना (ब्याज-मुक्त) ऋण दिया था। हालांकि, दंपति कर्ज की रकम वापस करने में असमर्थ थे, जिसके बाद शेख ने उन्हें गाली देना और धमकी देना शुरू कर दिया। फरवरी में उसने उन्हें हडपसर सरकारी कॉलोनी में एक सुनसान जगह पर बुलाया और फिर से उससे बकाया पैसे की मांग की, लेकिन उनके पास चुकाने के लिए पैसे नहीं थे। इसके बाद शेख ने कथित तौर पर चाकू निकाला, पति को जान से मारने की धमकी दी, फिर वहीं महिला के साथ दुष्कर्म किया और अपने फोन पर घटना का एमएमएस भी बनाया। बाद में आरोपी ने फिर से महिला से बार-बार यौन संबंध बनाने की मांग की और जब उसने इनकार कर दिया, तो उसने वीडियो क्लिप सोशल मीडिया साइटों पर पोस्ट कर दी। पुलिस इंस्पेक्टर रवींद्र शेलाके ने बताया कि आखिरकार हिम्मत जुटाकर पीड़िता हडपसर पुलिस स्टेशन पहुंची और मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई। शेलके ने आईएएनएस को बताया, हमने आरोपी का पता लगाया और उसे कल गिरफ्तार कर लिया... उसे अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे कल (गुरुवार) तक दो दिन की रिमांड दी है और आगे की जांच जारी है।

### मुलुगु और वारंगल में बारिश से जनजीवन प्रभावित, हाईवे पर भरा पानी



**तेलंगाना।** देश में मौसम का मिजाज कब बदल जाता है, ये समझ से परे है. जहां कुछ राज्यों में बारिश अपना रौद्र रूप दिखा रही है तो वहीं कुछ राज्यों में उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं. दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और तेलंगाना समेत कई राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है. अगर तेलंगाना की बात करें तो यहां के अधिकांश इलाकों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं. खासकर मुलुगु और वारंगल जिलों का बुरा हाल है. यहां बारिश की वजह से लोग परेशान हैं. तेलंगाना में पिछले दो दिनों यानी सोमवार शाम से लगातार बादल बरस रहे हैं. बारिश का असर मुलुगु और वारंगल जिलों में सबसे ज्यादा देखने को मिला है. दोनों जनपदों के बीच एनएच-164 पर बने पुल कटाक्षपुर के ऊपर से तेजी से बारिश का पानी भर रहा है. इसकी वजह से मुलुगु और वारंगल के लोगों का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है. दोनों जनपदों में पानी भर गया है, जिसकी वजह से यातायात पर भी ब्रेक लग गया है. इसे लेकर परकल एसीपी किशोर कुमार ने कहा कि हाईवे पर पानी का बहाव तेज होने पर सरकार ने सभी सावधानियां बरतने की व्यवस्था की हैं. अब पुल पर पानी का बहाव कम हो गया है तो हम वाहनों को जाने की अनुमति दे री है. स्थानीय इंस्पेक्टर यहां की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं. वहीं, तेलंगाना सरकार ने राज्य में हो रही बरसात को देखते हुए बड़ा कदम उठाया है. उन्होंने दो दिन बुधवार और गुरुवार को स्कूलों की छुट्टी की घोषणा कर दी है.

# पीएम मोदी बोले- भारत की इच्छाशक्ति का प्रतीक है भारत मंडपम

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रगति मैदान पहुंचे और ड्रॉन के जरिये आईटीपीओ कॉप्लेक्स भारत मंडपम का उद्घाटन किया. इससे पहले उन्होंने पुनर्विकसित भारत व्यापार संवर्धन संगठन में पूजा पाठ किया और इसके निर्माण में शामिल मजदूरों से बातचीत कर उन्हें सम्मानित किया है. इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी उपस्थित थे. इस नए कन्वेशन सेंटर का भारत मंडपम रखा गया है. प्रगति मैदान में ढ्ढश्वष्टह्र कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने स्मारक टिकट और सिक्के जारी किए हैं.आपको बता दें कि प्रगति मैदान में आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स को 2700 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है. ये कन्वेंशन सेंटर 122 एकड़ भूभाग में बना है, जिसे देश के सबसे बड़े सम्मेलन, बैठक और प्रदर्शनी के रूप में निर्माण किया गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन करने के बाद नए परिसर भारत मंडपम में सांस्कृतिक प्रदर्शन चल रहा है. इसी में 20



नेताओं की बैठक भी होगी. उद्घाटन के दौरान वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें आईटीपीओ सेंटर बेहद भी सुंदर और भव्य नजर आ रहा है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत मंडपम को देखकर हर भारतीय आनंदित है और गर्व महसूस कर रहा है. भारत मंडपम भारत के सामर्थ्य का, भारत की नई उर्जा का आह्वान है. भारत मंडपम भारत की भव्यता और इच्छाशक्ति का दर्शन है. दिनरात मेहनत करते भारत मंडपम का निर्माण किया गया है. भारत मंडपम का निर्माण काफी पहले हो जाना चाहिए था. 21वीं सदी के लिए नया निर्माण होगा. उन्होंने कहा कि भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी है. भारत का जीवंत लोकतंत्र सदियों से हमारा गौरव है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज का दिन हर देशवासी के लिए एतिहासिक है. आज कारगिल विजय दिवस है. देश के दुश्मनों ने जो दुस्साहस दिखाया था उसे मां भारती के बेटे-बेटियों ने अपने पराक्रम से परास्त कर दिया था. कारगिल युद्ध में अपना बलिदान देने वाले प्रत्येक वीर को मैं पूरे राष्ट्र की तरफ से श्रद्धांजलि देता हूं.

## मणिपुर और लाल डायरी मुद्दे पर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

**नई दिल्ली।** राजस्थान में मणिपुर और लाल डायरी मुद्दे को लेकर कोंग्रेस-भाजपा आमने सामने है और जमकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. राजधानी जयपुर में आज लाल डायरी और कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा की महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल के सरकारी आवास पर पहुंचकर चम्मच-थाली बजाकर जमकर प्रदर्शन किया तो वहीं कोंग्रेस ने मणिपुर हिंसा को मुद्दा बनाते हुए कोंग्रेस कार्यालय से लेकर शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकाला. राजस्थान के सीकर में कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा है. पीएम मोदी के दौरे से पहले राजस्थान में कोंग्रेस-भाजपा जमकर स्थानीय मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहें है.

नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत बीजेपी महिला मोर्चा की



कार्यकर्ता कांग्रेसी विधायकों के घरों पर थाली बजाकर प्रदर्शन किया और जयपुर में ष्ठ॥ मंत्री शांति धारीवाल के सरकारी आवास बाहर प्रदर्शन किया. महिला मोर्चा की कार्यकर्ता धारीवाल के आवास के मेन गेट पर चढ़ गई और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. महिला कार्यकर्ताओं ने धारीवाल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लाल डायरी भी लहराई. वहीं मणिपुर हिंसा मामले को मुद्दा बनाते हुए कोंग्रेस ने आज प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया और पैदल मार्च कर अपना विरोध दर्ज कराया. राजधानी जयपुर में भी प्रदेश कोंग्रेस मुख्यालय से लेकर शहीद स्मारक तक कोंग्रेस ने पैदल मार्च निकाला और मणिपुर हिंसा को लेकर केन्द्र सरकार को घेरते हुए कहा कि देश जल रहा है लेकिन केंद्र सरकार इस विषय पर चुप है और लोगों को सुरक्षा देने में केंद्र सरकार फेल रही है. राजस्थान में चुनावी माहौल के बीच लाल डायरी बनाम मणिपुर हिंसा अपने आप में बड़े मुद्दे हो गए हैं. भाजपा कांग्रेस अपने अपने हिसाब से इन दोनों मुद्दों को लेकर एक दूसरे पर जमकर निशाना साध रही है और आम जनता के मुद्दे पूरी तरीके से गौण दिखाई दे रहे हैं.

## राघव चड्डा बोले- संसद की कार्यवाही में बाधा डाल रही है बीजेपी, अविश्वास प्रस्ताव के कारण शुरू होगा कामकाज



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा बुधवार को एक बार फिर बीजेपी पर हमलावर नजर आए. उन्होंने कहा कि बीजेपी नहीं चाहती कि संसद चले लेकिन इंडिया चाहता है, इसलिए हम संसद में अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं. राघव चड्ढा ने ट्वीट कर कहा, मणिपुर जल रहा है और चिंताएं बढ़ रही हैं कि अस्थिरता संभावित रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य राज्यों में भी फैल सकती है. इसीलिए इंडिया सत्तारूढ़ बीजेपी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला रहा है. राघव चड्ढा ने मणिपुर और पूर्वोत्तर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ बीजेपी संसद के कामकाज में बाधा डाल रही है और जवाबदेही से बच रही है, जिसके कारण उन्हें लोकसभा में बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा. राघव चड्ढा ने स्पष्ट किया कि हालांकि इंडिया गठबंधन के पास लोकसभा में संख्याबल की कमी है, लेकिन उनका उद्देश्य सरकार को जवाबदेह बनाना और मणिपुर की स्थिति पर चर्चा शुरू करना है. उनका मानना है कि अविश्वास प्रस्ताव प्रधानमंत्री को उठाए गए मुद्दों को संबोधित करने और स्थिति की तात्कालिकता को उजागर करने के लिए मजबूर करेगा. आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निलंबन के संबंध में राघव चड्ढा ने कहा कि वो डरेंगे नहीं और संसद परिसर में अपना विरोध जारी रखेंगे. उन्होंने बीजेपी पर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता के कारण आप नेताओं को दबाने और लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप भी लगाया. दिल्ली अध्यादेश पर चर्चा करते हुए राघव चड्ढा ने दिल्ली के लोगों और भारत की न्यायपालिका के जनादेश पर हमला करने के लिए बीजेपी की आलोचना की. उन्होंने तर्क दिया कि अध्यादेश कई प्रयासों के बावजूद दिल्ली में बीजेपी की हार की प्रतिक्रिया है. उन्होंने मजाकिया अंदाज में सुझाव दिया कि ऐसे अध्यादेशों के बजाय बीजेपी को अपने राजनीतिक अपच के इलाज के लिए डॉक्टर की जरूरत है। विजय दिवस पर आप सांसद राघव चड्ढा ने कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने कारगिल के एक सूबेदार की पत्नी की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिसे मणिपुर में क्रूरता का सामना करना पड़ा है. उन्होंने प्रधानमंत्री और बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार से मणिपुर के महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने की अपील की.

## काले कपड़ों में संसद आएंगे विपक्षी सांसद

**नई दिल्ली।** संसद में गुरुवार को विपक्ष के सभी सांसद काले कपड़ों में नजर आएंगे। विपक्षी सांसदों ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर अपना विरोध जताने के लिए यह निर्णय लिया है। यह फैसला गुरुवार को विपक्षी पार्टियों की बैठक में लिया गया। इसी बीच बुधवार शाम राज्यसभा में कांग्रेस के सांसद व मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने पार्टी के सभी सांसदों को संसद में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइनों का व्हिप जारी किया है। व्हिप में कांग्रेस पार्टी के सभी राज्यसभा सांसदों से कहा गया है कि गुरुवार 27 जुलाई 2023 को राज्यसभा में बेहद अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। राज्यसभा में कांग्रेस पार्टी के सभी सदस्यों से विनम्र अनुरोध है पूर्वाह्न 11 बजे से सदन में उपस्थित रहें। कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी ने भी अपने राज्यसभा सांसदों को 27 और 28 जुलाई को सदन में रहने के लिए व्हिप जारी किया है। बुधवार शाम पार्टी ने अपने राज्यसभा सांसदों को व्हिप जारी करते हुए कहा कि स्थगन तक गुरुवार, 27 जुलाई को सदन में रहें और पार्टी के रुख का समर्थन करें।



दरअसल, केंद्र सरकार दिल्ली से संबंधित अपने अध्यादेश के स्थान पर राज्यसभा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक लाने की तैयारी में है। यह विधेयक अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए एक प्राधिकार गठित करने का प्रावधान करता है। सरकार राज्यसभा में यह विधेयक लाएगी। सरकार की इस तैयारी के बीच कांग्रेस ने अपने राज्यसभा सदस्यों को व्हिप जारी कर गुरुवार को सदन में उपस्थित रहने को कहा है। केंद्र सरकार संसद के मौजूदा मानसून सत्र में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक पेश करेगी। हालांकि, इंडिया गठबंधन के सांसदों ने इसका कड़ा विरोध किया है। इसका विरोध करते हुए आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखा है। दिल्ली में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार का मामला सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट में था। 11 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने माना कि दिल्ली सरकार में सेवारत सिविल सेवक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद के प्रति जवाबदेह हैं। सांसद राघव चड्ढा के मुताबिक इस आदेश के कुछ दिन बाद केंद्र द्वारा लाए गए अध्यादेश ने दिल्ली सरकार से नियंत्रण लेकर इसे एलजी को सौंप दिया। इस अध्यादेश को अब विधेयक के रुप में लोकसभा व राज्यसभा की मंजूरी दिलाई जानी है।

## उडुपी वीडियो कांड में पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई का बड़ा बयान!

**नई दिल्ली।** गर्ल्स वॉशरूम में अश्लील कैमरा! खबर कर्नाटक के उडुपी से है, जहां एक प्राइवेट पैरामेडिकल कॉलेज के गर्ल्स वॉशरूम से हिडन कैमरा बरामद हुआ. इस खबर के इंटरनेट पर आते ही बवाल मच गया, हालांकि मामले में तीन आरोपी लड़कियों को सस्पेंड किया जा चुका है, साथ ही मामले में तफ्तीश भी जारी है. बावजूद इसके कई सोशल मीडिया यूजर्स इसे सांप्रदायिक नजरिए से देख रहे हैं. आरोप है कि सस्पेंड हुई लड़कियों ने वॉशरूम में छिपकर बाकी लड़कियों का वीडियो बनाया और उन्हें वायरल किया है.

हालांकि मामले की पड़ताल में अलग कहानी निकल आई है, पुलिस के मुताबिक उन्हें वीडियो को सर्कुलेट या वायरल किए जाने की कोई जानकारी नहीं मिली है. इसके अतिरिक्त कॉलेज में हिडन कैमरा रखे जाने की बात का भी कोई प्रमाण नहीं मिला है. पुलिस तफ्तीश में मालूम चला है कि पीड़ित लड़कियों ने इसे महज एक मजाक करार दिया है, साथ ही कहा है कि वीडियो बाद में डिलीट कर दी गई थी.




साथ ही बताया गया कि आरोपी छात्राओं ने अपने किए के लिए माफी भी मांगी है. उनके मुताबिक ये सब बस एक मजाक था, जिसे बाद में डिलीट कर दिया गया था. गौरतलब है कि इस मामले में उडुपी पुलिस ने हाल ही में दो मामले दर्ज किए हैं, जिसमें पहला शौचालय में फिल्माए गए वीडियो के आधार पर दर्ज किया गया है, वहीं दूसरा मामला गर्ल्स वॉशरूम से बरामद हुए हिडन कैमरे में रिकॉर्ड वीडियो यूट्यूब चैनलों पर अपलोड करने को लेकर किया गया है. मालूम हो कि अब ये मामला राजनीतिक रंग लेने लगा है. हाल ही में इसपर कर्नाटक के पूर्व सीएम और बीजेपी नेता बसवराज बोम्मई का बयान आया है, जिन्होंने इस मामले में पुलिस पर लापरवाही करने का गंभीर आरोप लगाया है. उनके मुताबिक पुलिस राजनीतिक दबाव में काम कर रही है. वो कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. राज्य सरकार का तो कहना है कि ये खबर ही गलत है, अगर ऐसा है तो तीन लड़कियों को निलंबित क्यों किया गया और माफी पत्र क्यों दिए गए। क्या राज्य सरकार के पास इसका जवाब है। बीजेपी नेता बसवराज बोम्मई ने आगे कहा कि वे पुलिस को बिना किसी राजनीतिक दबाव इस मामले की जांच करने का आग्रह कर रहे हैं.

### शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही

# पुलिस थाना करैरा द्वारा एक आरोपी को 64 लीटर कच्ची शराब कीमती 14000 रूपये के सहित किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह जी के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन ,अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देशों के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं स्क्षह्रक्क करैरा श्रीमान संजय चतुर्वेदी जी के कुशल मार्गदर्शन मे दिनांक 25.07.2023 की रात्रि मे इलाका भ्रमण के दौरान थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली आई लव तिराहे पर एक ब्यक्ति दो नीले रंग की कैनों मे कच्ची शराव हुए है तथा लोगों को बिक्री कर रहा है मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु हमराही फोर्स के साथ आई.लव तिराहा हाईवे रोड करैरा पर पहुंचा एक ब्यक्ति नीले रंग के दौ कैन रोड़



किनारे रखे हुए मिला जो पुलिस को देख भांगने का प्रयाश करने लगे जिन्हे हमराही फोर्स की मदद से पकडा उनका नाम व पता उसने अपना नाम अरविन्द यादव पुत्र संतोष सिंह यादव उम्र 45 बर्ष नि. ग्राम कालीपहाडी थाना करैरा का होना बताया । आरोपी के कब्जे से दो नीले रंग की प्लास्टिक की कैन जिसमें करीब 64 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती करीवन 14,000 रुपये को विधिवत जप्त किया । आरोपियों के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अप0 क्र0 499/23 पंजीबद्ध किया गया । आरोपी को दिनांक 10.06.23 को भी 60 लीटर कच्ची शराव के साथ पकडा गया था तथा जेल भेजा गया था दिनांक 03.07.23 को 21 दिन बाद जेल से रिहा होने के पश्चात पुनः अवैध रूप से शराव बैंचने लगा

**बरामद मालः** 64 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती 14,000 हजार रुपये ।

**इनकी रही भूमिकाः** थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, प्र.आर 136 दुर्गाचरण शर्मा मय आर 732 संजीब श्रीवास्तव, आर 1073 अनूप कुमार , आर 688 आलोक जैन, आर 617 ओमप्रकाश रावत ।

# गुरुनानक इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया, जहां सभी स्वतंत्रता सेनानीयों की कारगिल विजय दिवस की भूमिका का वर्णन भी किया

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-गुरुनानक इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया, जहां सभी स्वतंत्रता सेनानीयों की कारगिल विजय दिवस की भूमिका का वर्णन भी किया।आपको बता दें गुरुनानक इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस स्कूल की प्रिंसिपल कीर्ति चावला के दिशा-निर्देशों पर मनाया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल कीर्ति चावला ने कहा कि आज हम उन शहीदों को नमन करते हैं जिनके कारण हम अपनी आजादी का आनंद ले पा रहे हैं। वहीं समारोह में उपस्थित स्टाफ व बच्चों को अपने संबोधन में उन सभी अमर योद्धाओं को याद किया जिन्होंने बहादुरी से ल?ाई लड़ी और दुश्मन के हमले से देश की रक्षा की।उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध 1999 में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच 60 दिनों तक चला और




26 जुलाई को हमारी सेना विजयी हुई। हम सभी को इन वीर योद्धाओं के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर अपने देश की खातिर अपना जीवन बलिदान करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर बच्चों की ओर से कारगिल विजय दिवस के शहीदों को सलामी दी। और साथ ही शहीदों के बलिदानो को याद करते हुए नृत्य और संगीत गाकर उनको याद किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भैया बहिनों ने मनाया कारगिल विजय दिवस



**मुंगावली** -आज नगर के विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहिनों ने करगिल में शहीद हुए सेनिको को याद कर नगर के विभिन्न मार्गो में होते हुए पालीवाल कॉलोनी , पुराने थाने , इमली चौराहा से निकलते हुए घोष वादन करते संचलन लेकर अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा के पास जाकर माला पहिनाई प्रतिमा को इस अवसर पर विद्यालय की संचालन समिति के उपाध्यक्ष रविन्द्र बैस ने भैया बहिनों का उत्साह वर्धन किया और उन्होंने भी गणेश शंकर की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया ज्ञात रहे कि हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है पाकिस्तानी सेना को पीछे खदड़ते हुए जो जावांज भारतीय सैनिक शाहीद हुए उनकी याद में आज इसी क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहिनों ने प्रतिमा स्थल जाकर वहां साफ सफायी की ओर गणेश शंकर की प्रतिमा की भी सफायी कर उन्हें माला पहिनयी घोष दल के भैया बहिनों के साथ आचार्य रधेश्याम उपाध्याय ओर चन्द्रेश अस्वरिया रहे।

# पंचायत पदाधिकारियों के मानदेय एवं भत्ते में वृद्धि के आदेश जारी

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

शिवपुरी। राज्य शासन द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत पदाधिकारियों को पूर्व में स्वीकृत मानदेय एवं वाहन भत्ते में वृद्धि के निर्णय के अनुक्रम में संचालक, पंचायत राज संचालनालय द्वारा वृद्धि के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के मानदेय एवं वाहन भत्ता को बढाकर 1 लाख रुपये मासिक (मानदेय राशि 35 हज़ार रुपये एवं वाहन भत्ता राशि 65 हज़ार रुपये), जिला पंचायत उपाध्यक्ष के मानदेय एवं वाहन भत्ता को बढाकर राशि 42 हज़ार रूपये मासिक (मानदेय राशि 28 हज़ार 500 रूपये एवं वाहन भत्ता राशि 13 हज़ार 500 रूपये), जनपद पंचायत अध्यक्ष के मानदेय को बढाकर राशि 19 हज़ार 500 रुपये मासिक, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के मानदेय को बढाकर राशि 13 हज़ार 500 रूपये मासिक करने का आदेश किया गया है। साथ ही पंच/उप सरपंच की अधिकतम वार्षिक मानदेय राशि में वृद्धि कर 1800 रुपये की गयी है।



# शीघ्र प्रारंभ होगी गुना-बीना मेमू ट्रेनः सांसद डॉ.के.पी.यादव

### गुना, शिवपुरी व अशोक नगर तीनों रेलवे स्टेशन का लगभग 50 करोड़ में होगा अत्याधुनिकीकरण

**शिवपुरी-गुना-शिवपुरी-** अशोकनगर संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ.के.पी.यादव ने नई दिल्ली में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी से भेंट की। इस अवसर पर सांसद डॉ.के.पी.यादव ने कोरोना के पूर्व तक संचालित गुना-बीना शटल गाड़ी को पुनः प्रारंभ कराए जाने का विशेष अनुरोध किया। इस पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी द्वारा पूर्ण आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही मेमू ट्रेन गुना-बीना स्टेशन के मध्य प्रारंभ की जाएगी। साथ ही सांसद डॉ.के.पी.यादव ने अन्य क्षेत्रीय मुद्दों को रखा, जिनमें अशोक नगर में निर्माणाधीन अंडरब्रिज के शीघ्र निर्माण के लिए चर्चा की जिस पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन श्री लाहोटी द्वारा बताया गया कि अंडर ब्रिज में जो खर्च की समस्या आ रही है अब उसे रेलवे विभाग ही वहन करेगा।



साथ ही सांसद डॉ.यादव ने जानकारी देते हुए गुना-अशोकनगर-शिवपुरी स्टेशन का नाम अमृत योजना के तहत पुनर्निर्माण हेतु स्वीकृत हो गया है, जिसकी प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। इसके तहत रेलवे के वरिष्ठ इंजीनियर ने तीनो स्टेशन का मुआयना भी कर लिया है। अमृत योजना के तहत गुना स्टेशन के लिए रेलवे द्वारा 28.51 करो?, अशोकनगर स्टेशन के लिए 9.25 करोड़ तथा शिवपुरी स्टेशन के पुनर्निर्माण हेतु 20.12 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें लिफ्ट, एबीलेटर, डिस्प्ले जैसी सुविधाएं स्टेशन को प्राप्त होते हुए स्टेशनों का आकर्षक पुनर्निर्माण किया जाएगा, जो बड़े शहरों की तर्ज पर होगा।

# नौकरी देने का वादा करके सत्ता में आए, कांग्रेसी सरकार संविदा कर्मचारियों को नोटिस देने लगी

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने प्रदेश सरकार पर संविदा, अनियमित और दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को नियमित ना करने पर कहा कि नौकरी देने का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस अब नोटिस देने लगी है। श्री म्हस्के ने एस्मा लागू कर हड़ताली कर्मचारियों पर कार्रवाई करने को अन्यायपूर्ण बताया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री म्हस्के ने कहा कि सरकार ने इन कर्मचारियों में फूट डालने के लिए वेतन वृद्धि की घोषणा की है, जबकि सरकार अच्छी तरह जानती है कि हजारों हड़ताली कर्मचारियों में से महज दो-तीन हजार पे बैंड कर्मचारियों को ही इसका लाभ मिलेगा। श्री म्हस्के ने कहा कि कांग्रेस ने अपने जन घोषणापत्र में संविदा, अनियमित और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था। पाँच वर्ष का पूरा कार्यकाल बीतने को है, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया। श्री म्हस्के ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तो कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ अपने पूरे कार्यकाल में केवल और केवल छलावा ही किया है। केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता और टीए-डीए देने की घोषणा करने में भी इस सरकार को पौने पांच साल लग गए! भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री म्हस्के ने कहा कि आज सरकार को अपना वादा याद दिलाने और अपने साथ इंसाफ के लिए हजारों कर्मचारी जब हड़ताल करने को विवश हैं, तब आपातकाल के विचार से पोषित कांग्रेस को यह भी गवारा नहीं है कि कर्मचारी उसके खिलाफ आवाज उठाएँ। नियमितीकरण का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस अब इन कर्मचारियों पर एस्मा कानून के तहत कार्रवाई का मन बना रही है, उन्हें धमका रही है। कांग्रेस की यह फितरत रही है। एस्मा जैसे नियम लागू कर इन कर्मचारियों पर कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है। कर्मचारियों-अधिकारियों को सब्जबाग दिखाने के बाद उन्हीं पर अलोकतांत्रिक ढंग से दमनात्मक कार्रवाई करना ही इस सरकार की कुल जमा उपलब्धि रही है। इससे पहले पटवारियों की हड़ताल के समय भी सरकार ने इसी तरह धमकी देने का प्रयास किया था। श्री म्हस्के ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके उनका समाधान करने के बजाय प्रदेश सरकार संवेदनहीनता की पराकाष्ठा कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री म्हस्के ने कहा कि कांग्रेस कि प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यह बात अच्छी तरह समझ लें कि उनके झूठ का पर्दाफाश हो चुका है। श्री म्हस्के ने नसीहत दी कि कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री बघेल यथाशीघ्र अपना बोरिया-बिस्तर समेट लें।

# ग्राम पंचायत साल्हेभाटा में पूर्व सचिव रूपेंद्र यादव अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य की राशि का आहरण शिकायत के बाद भी कार्य में अनियमितता

संवाददाता हेमचंद नागेश





**गरियाबंद।** जिला मैनपुर ब्लॉक ग्राम पंचायत साल्हेभाटा में पूर्व सचिव रूपेंद्र यादव के द्वारा अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य की राशि आहरण किया गया। जनदर्शन कार्यक्रम में शिक़ायत आने पर कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा बर्तमान एसडीएम हितेश पीजदा को आदेश दिया गया कि ग्राम पंचायत साल्हेभाटा में पूर्व सचिव रूपेंद्र यादव स्कूल निर्माण कार्य की राशि आहरण कर गमन किया गया है सचिव रूपेंद्र यादव के ऊपर कर वसूली किया जाए परन्तु अभी तक ना कोई कार्यवाही किया गया ना ही वसूली सचिव रूपेंद्र यादव जिस पंचायत में पदस्थ थे । वहा पर कई कारनामों को अंजाम दिया गया है। परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिम्मेदार अधिकारी शासन की राशी गमन करने वाले पर महेरवान हैं। लाखो की राशी को डकार कर बैठ गए हैं कितना भी प्रकाशक किया जाए कोई कार्यवाही नहीं। पंचायत की राशी को दीमक की ताकत खोखला कर दिया गया है। ग्राम पंचायत सचिव सरपंच के ऊपर कार्यवाही ना होने के कारण भ्रष्टाचार चरण सीमा में हैं। शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होता जिसके कारण सरपंच सचिव की मनमानी यहां पर साफ दिखाई देता है।ग्राम पंचायत सालेभाटा में सचिव द्वारा अतिरिक्त भवन कि राशि आहरण कर गवन करने कि बात सामने आई है, ग्रामीणों का कहना है की पूर्व में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव द्वारा राशि आहरण कर चुप्पी साधी है, जिसकी शिकायत कलेक्टर जन चौपाल में होने के बावजूद भी अब तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# लाडली बहना योजना में अधिकारियों की मन मर्जी से बहना हो रही है परेशान

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा लाडली बहना योजना में सभी बहनों को लाभ मिलेगा इस योजना में जो बहनों के फॉर्म रह गए थे वो आज दिनांक 25.07.23 सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भरे जा रहे है

पुष्पांजली टुडे

फईम शीवानीआंगनबाड़ी केंद्रों पर बहनाओ को जागरूक करने की जगह वापस लौटा दिया जा रहा है की फॉर्म भरने की उम्र 21से 23 बर्ष ही है आंगनबाड़ी केंद्रों पर बैठे अधिकारी वा कर्मचारी योजना की सही जानकारी बहानाओ को नही दे पा रहे है जबकि योजना में पहले 23 से कम उम्र की बहनों के फॉर्म नही भरे जा रहे थे वो अब भरे जा सकते है इस बात की घोषणा श्री शिवराज सिंह जी ने की है आंगनबाड़ी केंद्रों पर फॉर्म भरवा रहे कर्मचारी गलत जानकारी बहानाओ को दे रहे है आंगनबाड़ी केंद्रों पर आज सुबह से ही न खुश नजर आ रही बहनाओ द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को कोसा जा रहा है माननीय मुख्यमंत्री



जी ने हर बहना को लाभ मिले इस लिए योजना को बढ़ाया और पुनः चालू कराया ताकि जो बहना रह गई है उन्हे लाभ मिल सके । परंतु अधिकारियों की मन मर्जी के चलते बहनाओं को परेशान होना पड़ रहा है अधिकारियों से जब पूछा गया की जो उम्र का दायरा तय किया गया है उसका आदेश आप लोगो ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर चस्पा क्यों नही किया तो अधिकारी कल परसों की बोल कर बाते बनाने लगे।

**योजना का लाभ सबको मिले यही प्रयास मुख्यमंत्री जी का है**-सभी को लाभ मिले इस बात का ध्यान अधिकारियों को भी रखना है इस लिए उन्हें हर आंगनबाड़ी केंद्रों पर सही जानकारी और महिला जागरूकता पर ध्यान देना होगा।

# जनजाति समुदायों के विधेयक के राज्यसभा में पास होने पर पर भाजपा की प्रेस वार्ता

## भाजपा ने निर्णय से छत्तीसगढ़ के 10 लाख आदिवासियों की जिंदगी पूरी तरह बदल जायेगी:अरुण साव, भाजपा का निर्णय आदिवासी समाज को 1, 2 दिन नही बल्कि पीढ़ियों तक लाभ देगा:डॉ रमन

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने 12 जनजाति समुदायों को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल कर उन्हें उनके संवैधानिक अधिकार व लाभ प्रदान करने के लिए कानून बनाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के बाद से महज लिपिकीय त्रुटि के कारण पिछले 70 वर्ष से अपने संवैधानिक अधिकारों और आरक्षण के लाभ से वंचित 12 जनजाति समुदायों के लोग अब अपना स्वर्णिम भविष्य गढ़ पाएंगे। श्री साव ने कहा कि भारत के, विशेषकर आदिवासी प्रदेश छत्तीसगढ़ के इतिहास में कल 25 जुलाई का दिन मील के पत्थर के रूप में याद किया जाएगा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने देश के 12 प्रमुख समुदायों को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल कर लिया। कल राज्यसभा से भी यह विधेयक पारित होने के बाद अब कानून बन गया है। इससे इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रदश भाजपा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय जनजाति कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा व केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह का बार-बार अभिनंदन करती है।

**इन जातियों को मिलेगा लाभ**–भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने सूची में शामिल जातियों का विवरण दिया। भारिया भूमिया के समानार्थी भूईया, भूईयाँ, भूयां, धनवार के समानार्थी धनुहार धनुवार, नगेसिया, नागासिया के समानार्थी किसान, सावर, सवरा के समानार्थी सौंरा, संवरा, धांगड़ के साथ प्रतिस्थापित करते हुए सुधार, बिंझिया, कोडाकू के साथ साथ कोड़ाकू, कोंध के साथ-साथ कोंद, भरिया, भारिया, पंडो, पण्डो, पन्डो को जनजाति वर्ग में शामिल किया गया है।

**संसद में चर्चा**–श्री साव ने कहा कि कल इस संबंध में संसद में प्रस्तुत विधेयक पर हुई चर्चा में भाग लेकर विभागीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने सही कहा कि आज का यह दिन न केवल छत्तीसगढ़ में निवासरत आदिवासी समुदायों के लिए, अपितु देशभर में निवासरत 700 (सात सौ) जनजाति समुदायों के लिए ऐतिहासिक है। जिन 12 जातियों को सूची में लाने के लिए यह संशोधन प्रस्ताव लाया गया है, उनमें से 10 जातियाँ लिपिकीय त्रुटियों के कारण संविधान प्रदत्त अधिकारों और लाभ से आजादी के इतने वर्षों बाद भी वंचित थीं। यहां विशेष तौर विशेष तौर पर उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्पति का दत्तक पुत्र कही जाने वाली विशेष पिछड़ी पण्डो जनजाति भी आजादी के 75 वर्ष बाद भी अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल नहीं किए गए थे।

**कांग्रेस सांसदों का इस महत्पूर्ण विधेयक की चर्चा में भाग न लेना दुर्भग्यजनक**–भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि छत्तीसगड़ आदिवासी बहुल राज्य है जहाँ आदिवासियों को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में भाग लेने का अधिकार प्राप्त है, लेकिन सूची से बाहर जनजाति समुदायों के लोग किसी भी तरह चुनाव में भाग नहीं ले पाते थे। अब जा कर सभी अनुसूचित जनजाति समुदायों को उनका अधिकार मिला है। श्री साव ने कहा कि इस विषय का सबसे दुर्भाग्यजनक पहलू यह है कि सदन



में जब इस महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा हो रही थी तब वहां छत्तीसगड़ कोटा से आने वाले सभी कांग्रेसी सदस्य अनुपस्थित थे। भले वोट की राजनीति के मजबूरीवश कांग्रेस सड़क पर कुछ भी कहती रहे, लेकिन जब भी ऐसे कोई विषय परिणाम तक पहुँचने वाले होते हैं, तब कांग्रेस अड़ंगा लगाती ही है। आखिर 50 से अधिक वर्षों तक इसी कांग्रेस ने इन तमाम मामलों को लटकाए भी रखा था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि ऐसे मामले में जान-बूझ कर कांग्रेस के अनुपस्थित होने या वंचित वर्ग के कल्याण से संबंधित का यह कोई पहला मामला भी नहीं है। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का भी विरोध कर राज्यसभा में कांग्रेस ने उसे तब पारित नहीं होने दिया था। इसी तरह आदिवासी और पिछड़े वर्ग को दिए जाने वाले आरक्षण के विरुद्ध प्रदेश की कांग्रेस सरकार कोर्ट में अपने लोगों से मुड़दमा करा कर, अपने महाधिवक्ता को कोर्ट में सुनवाई के दिन अनुपस्थित करा कर जान बूझ कर हार जाना और फिर मुड़दमा करने वालों को पद देकर पुरस्कृत करना आदि निंदनीय हथकंडे हमेशा कांग्रेस अपनाती रही है। कांग्रेस को वंचित तबकों के साथ ऐसे खिलवाड़ से बाज आना चाहिए। श्री साव ने कहा कि इन तमाम हथकंडों से पार पाते हुए आदिवासी समाज ने आज एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इन जाति समुदायों के छत्तीसगड़ की अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल होने के बाद इन्हें शासन की अनुसूचित जनजातियों के लिये संचालित योजनाओं का लाभ मिलने लगेगा। छात्रवृत्ति, रियायती ऋण, अनुसूचित जनजातियों के बालक-बालिकाओं के छात्रावास की सुविधा के साथ शासकीय सेवा और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

**कई वर्षों की पीड़ा से आदिवासी समाज को मुक्ति मिली : डॉक्टर रमन**–पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि आजादी के बाद से जिस पीड़ा को 12 अनुसूचित जनजातियां झेल रही थी उससे उन्हें अब मुक्ति मिली है। महज मात्रात्मक त्रुटि की वजह से इन 12 जनजातियों की पीड़ियों को अपने अधिकारों और संविधान प्रदत्त लाभ से वंचित रहना पड़ा। इन समुदायों के लाखों लोग अब शिक्षा, स्वास्थ्य और संविधानिक अधिकार व आरक्षण का लाभ मिलेगा। डॉ. सिंह ने कहा कि यह काम एक दो दिनों के लिए नहीं हुआ है बल्कि इन जनजातियों की पीड़ियों को इसका स्थायी रूप से लाभ मिलेगा। डॉ. सिंह ने इसके लिए प्रदेश और प्रदेश की इन जनजातियों समुदायों की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय जनजाति कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा व केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह का आभार माना। डॉ. सिंह ने इन जनजातीय समुदायों को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ हुई चर्चा तथा पत्र व्यवहार का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सरकार से संविधान में आवश्यक संशोधन कर अनुसूचित जनजाति समुदायों सूची में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री ने तत्काल पहल की और आदेश किया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस विषय को आगे बड़ाते हुए इस विधेयक को पहले लोकसभा में और फिर राज्यसभा में पारित करवाया और उसे कानून का जामा पहनाया। राष्ट्पति के दत्तक पुत्र व विशेष पिछड़ी जाति पंडो जनजाति को अनुसूचित जनजाति का पीड़ियों से अधिकार व लाभ नहीं मिलना सबसे बड़ी विसंगति थी। यह विसंगति अब दूर हो गई है। डॉ. सिंह ने कहा कि भाजपा शीघ्र ही इन समुदायों के साथ मिलकर उनकी खुशी में शामिल होगी। प्रेस वार्ता में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम,प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता,प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी,सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल माजूद रहे।

## पंडरा माली समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन पंडरा माली समाज 28 को करेंगे 130सी पर धरना प्रदर्शन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



गरियाबंद देवभोग पंडरा माली समाज ने देवभोग के आसरा लॉज में हुई गुलाब बीसी की मृत्यु पर उचित कार्यवाही नहीं होने पर देवभोग पंडरा माली समाज द्वारा देवभोग बस स्टैंड 130सी में धरना प्रदर्शन के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। आपको बता दें कि दिनांक 03/07/23को आसरा लॉज देवभोग में गुलाब बीसी पिता गंगाराम बीसी जाति माली निवासी कुम्हड़ई खुर्द की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली थी जिसकी जानकारी लेने पंडरा माली समाज के पदाधिकारी द्वारा दिनांक 11/07/23 को थाना प्रभारी महोदय से मुलाकात की गई। थाना प्रभारी देवभोग द्वारा पंडरा माली समाज को 15दिवस का समय दिया गया था लेकिन आज तक थाना प्रभारी देवभोग द्वारा कोई जानकारी नहीं मिली है जिससे पंडरा माली समाज देवभोग भारी आक्रोशित होकर दिनांक 28/07/23 दिन शुक्रवार समय 10ः00 बजे देवभोग बस स्टैंड 130सी एवं थाना घेराव के लिए पंडरा माली समाज ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

# वन स्टॉप सेंटर दमोह में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह रेणुका कंचन, जिला न्यायाधीश/ सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर दमोह में महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त करने हेतु विधिक जानकारी एवं नालसा, सालसा की योजनाओं की जानकारी के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में द्वितीय जिला न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, वन स्टॉप सेंटर से प्रशासक मालती कुर्मी, सविता जैन, इन्दु राय एवं स्टाफ सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिलायें उपस्थित रहीं। इस अवसर पर द्वितीय जिला




न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम ने कहा कि समाज में महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है, किंतु वह जानकारी के अभाव मे अपने अधिकारों का प्रयोग नहीं कर पाती, ऐसी महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय तक पहुंचाएं ताकि महिलाएं अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ सकें। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के संबंध में पीड़ित के अधिकारों के संबंध में भी जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने ऐसिड अटैक के पीड़ितों को प्रतिकर, मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही 5 अगस्त को समाधान आपके द्वार लोक अदालत शिविर के बारे में जानकारी देते हुये कहा गया कि न्यायालय में लंबित शमनीय प्रकरण एवं राजस्व, पुलिस, वन एवं विद्युत से संबंधित विवादों का निराकरण समाधान आपके द्वारा शिविर अंतर्गत किया जायेगा। उन्होंने उपस्थित जनों से अपने स्तर पर अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने हेतु इसकी जानकारी दिये जाने की अपील की।

## कोलुआ महादेव मंदिर प्रांगण मे तोमर वंशी बाबा रामदेवरा महाराज की ऐतिहासिक कथा विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुई

**ब्यूरो रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**



**मुरैना।** कोलुआ महादेव मंदिर प्रांगण मे तोमर वंशी बाबा श्री रामदेवरा महाराज की कथा का आज समाप्ति दिवस था आज कथा व्यास श्री शास्त्री जी ने अपने प्रवचनों मे कहा की कथा समाप्ति उपरांत कोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण के नजदीक उचित स्थान देखकर बहा बाबा श्री रामदेवरा सरकार मंदिर की स्थापना की जाएगी क्षेत्र मे बाबा श्री रामदेवरा सरकार की महिमा धर्म प्रेमियों तक पहुचे सभी क्षेत्रवासियो एवं समाजसेवीयो के सहयोग से ग्वालियर चम्बल अंचल मे पहली बार इस कथा का सफल आयोजन अनवरत रूप से चल रहा है आज अंतिम दिवस की कथा पूर्ण होने पश्चात प्रसादी भंडारा आयोजित हुआ इस विशाल आयोजन मे हजारों की सख्या मे भक्तजन पधारे हिन्दू सनातन धर्मप्रेमियों मे सामाजिक समरसता एकजुटता बनी रहें सभी प्राणियों मे सदभावना जाग्रत हो ऐसी उन्मुक्त सोच का प्रचार प्रसार कर रहें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्टीय अध्यक्ष आदरणीय श्री सुरेन्द्र सिंह तोमर जी लगातार कथा के सफल आयोजन को प्रतिवद्ध होकर लगातार प्रयासरत है कोलुआ महादेव मंदिर प्रांगण मे असंख्य धर्मप्रेमियों ने पधारकर कथा श्रवण एवं प्रसादी ग्रहण की सावन मे बाबा बाबा भोलेनाथ के स्वरुप कोलेश्वर महादेव बाबा का दर्शन लाभ प्राप्त किये अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह तोमर कुरैठा ने कोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पहुंच कर कथा व्यास श्री शास्त्री जी से आशीर्वाद प्राप्त किया श्री शास्त्री जी ने आशीर्वाद स्वरुप श्री रामदेवरा महाराज की प्रतिमूर्ती तस्वीर आशीर्वाद स्वरुप भेंट की।

## गोहद में मणिपुर की महिलाओं के साथ हुई बर्बरता एवं नस्लीय जुल्म रोकने वाम जनसंगठनों ने मानव श्रृंखला बनाकर विरोध दर्ज कराया

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

गोहद भिंड। प्रेमनारायण माहौर पूर्व गोहद नगरपालिका अध्यक्ष से प्राप्त विज्ञप्ति अनुसार बीते 3 माह से मणिपुर राज्य में जारी नस्ली हिंसा के खिलाफ देश में लोग सड़क पर उतर कर विरोध कर रहे हैं मणिपुर की हिंसा में हजारों जनजातिय समुदाय बेघरवार होकर पलायन करने के लिए मजबूर है मणिपुर में एन वीरेन सिंह की सरकार है इस भाजपा शासित राज्य में 4 मई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया जो हमारे देश की न सिर्फ शर्मनाक घटना है बल्कि इससे भारत की छवि पर बुरा असर पड़ा है इस बर्बरता पूर्ण घटना के विरोध स्वरूप बीती 25 जुलाई को गोहद के गोलंबर पर मध्य प्रदेश किसान सभा ,जनवादी महिला समिति, सीटू, नौजवान सभा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में शाम 4ः00 बजे एकत्रित हुए इस दौरान महिलाओं की संख्या ज्यादा थी मानव श्रृंखला बनाकर मणिपुर में जारी हिंसा रोकने की मांग की गई तथा केंद्र सरकार एवं मणिपुर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर आगामी दिनों में आंदोलन तेज किए जाने की चेतावनी उपस्थित वामपंथी जनसंगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा इस दौरान दी गई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपने अपने हाथ में नारे लिखी हुई तख्तियां एवं झंडे बैनर लिए हुए थे इस अवसर पर मानव श्रृंखला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को गोहद नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर मध्य प्रदेश किसान सभा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा नौजवान सभा के प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह गुर्जर महिला समिति की प्रांतीय सचिव शोभा माहौर तथा मुस्लिम अधिकार मंच के रसीद का ने संबोधित किया सभी वक्ताओं ने मणिपुर में महिला हिंसा को रोकने में बीजेपी सरकार को विफल बताया और चेताया इसी प्रकार महिलाओं के साथ बर्बरता होती रही तो वामदल खामोश नहीं रहेंगे इस मौके पर माकपा जिला सचिव ओमप्रकाश बाथम मुन्ना लाल कुशवाहा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी माहौर मंजू माहौर सरोज माहौर राहुल माहौर रमका बाई कुशवाह रामहेत कुशवाहा धर्मेंद्र राठौर रेवाराम माहौर सूरज जाटव भगवती जाटव मुन्नीबाई माहौर सहित भारी संख्या में महिलाएं इस दौरान उपस्थित रही।







## लीनेस मैत्री क्लबदमोह द्वारा फाउंडर डे पर वृक्षारोपण किया गया



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** गोदित शाला पाठक स्कूल में लीनेस क्लब के सदस्यों द्वारा फाउंडर डे पर सभी सदस्यों ने मिल कर केक काटा एवं संकल्प लिया कि हर एक सदस्य एक पौधा लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा करने मे अपनी भूमिका जरूर निभायेगा।क्लब के सदस्यों द्वारा संकल्प लेने के बाद स्कूल परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें लीनेस क्लब कि अध्यक्ष रोजी बग्गा ने बताया कि अपने भविष्य की सुरक्षा करना हो तो हर एक व्यक्ति को अपने बहुमूल्य जीवन में एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। क्लब कि कोषाध्यक्ष ज्योति सचदेव ने कहा कि यदि भूमि को बचाना है तो एक पौधा जरूर लगाएं क्योंकि यह जल और हवा के धरती पर असर को रोकता है, उपाध्यक्ष रिम्मी जुनेजा ने बोला कि वृक्षारोपण वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करता है इस दौरान कार्यक्रम में सारिका टंडन, नीना विलियमसन, पूजा सचदेव, सपना राजपूत, प्रिंसी जैन,अन्नू खुराना, आदि सदस्यों की विशेष उपस्थिति रही।

# कारगिल विजय दिवस के शुभ अवसर पर ग्वालियर महानगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता ग्वालियर**

आज कारगिल विजय दिवस के शुभ अवसर पर ग्वालियर महानगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा का शुभारंभ 7 नंबर चौराहा से लेकर थाटीपुर मुरार फूलबाग से होते हुए विभिन्न भागों से निकलकर महानगर के बाडे पर पहुंच कर समापन की गई जिसमें डॉक्टर मोहनीश तोमर ने कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि आज हम सुख चैन अमन शांति से रह रहे हैं तो इन सभी के बलिदानों की वजह से युद्ध में शहीद हुए 527 अमर जवानों को हमारा नमन श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डॉक्टर तोमर ने बताया कि आज हमारा हिंदुस्तान जो आजादी का पर्व मना रहा है वह सारी कहानी अमर शहीदों की देन है हम सबको हमेशा इन सभी पर गर्व रखना चाहिए मैं सभी से यह अपील करता हूं कि कारगिल शहीदों को हमेशा एवं नमन करें इस यात्रा के शुभ अवसर पर मौजूद रहे ग्वालियर एसपी साहब एवं एडिशन एसपी साहब समस्त स्टाफ एन सी सी के समस्त कर्मचारी एडवोकेट आशीष तोमर, कर्नाल मुस्तफा युसूफ, यशपाल परिहार, पांच सैकड़ा से ज्यादा स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।




# सेवा सप्ताह अभियान के तहत विश्व हिन्दू परिषद ने किया वृक्षारोपण

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महाकौशल प्रांत के 23 जुलाई से 30 जुलाई तक सेवा सप्ताह के अवसर पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा चतुर्थ दिवस वृक्षारोपण किया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय खत्री ने संबोधित करते हुए कहा है कि विश्व हिंदू परिषद के द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत समुचित जिले भर में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में आज दमोह में भी वृक्षारोपण पौधारोपण किया गया है। श्री खत्री ने आव्हान करते हुए कहा है कि अपने घर के आस-पास और अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने का संकल्प लें। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री कौशलेंद्र पांडे ने संपूर्ण समाज से आह्वान करते हुए कहा है कि समस्त भक्तजन मंदिर परिसर में जब जाएं तो वह अपने हाथों में प्लास्टिक की थैलियां लेकर नहीं बल्कि कपड़े की थैली लेकर जाएं जिससे कि मंदिर में प्लास्टिक मुक्त मंदिर परिसर होगा। श्री पांडेय ने बताया कि हरियाली को सही जीने के लिए विश्व हिंदू परिषद के द्वारा जिले भर में लगातार वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है निश्चित रूप से महाकौशल प्रांत में के दमोह जिले में सबसे अधिक वृक्षारोपण कार्य करने का कार्य विश्व हिंदू परिषद करेगा। जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अजय खत्री जी जिला मंत्री कौशलेंद्र पांडे जी जिला धर्माचार्य प्रमुख ठाकुर जी महाराज, जिला सह संयोजक रजित जैन, नगर संयोजक अनुराग यादव,नगर सह संयोजक निखिल राजपूत नगर बल उपासना प्रमुख सुधांशु खरे,नगर गौरक्षा प्रमुख कुलदीप शर्मा प्रदीप परिहार,रितिक सोनी, अभिषेक मिश्रा,अरविंद सेन आदर्श मिश्रा,आयुष अग्रवाल सहित बजरंगीओं की उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## नोवाक जोकोविच ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम लिया वापस

**ओंटारियो।** नोवाक जोकोविच ने थकान को प्राथमिक कारण बताते हुए टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। जोकोविच के नाम 23 ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल खिताब का प्रभावशाली रिकॉर्ड दर्ज है, जिसमें रिकॉर्ड दस ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब भी शामिल हैं। अपने करियर में उन्होंने कुल 94 एकल खिताब जीते हैं, जिसमें रिकॉर्ड 67 बड़े खिताब शामिल हैं, इनमें उनके 23 प्रमुख खिताब, रिकॉर्ड 38 मास्टर्स खिताब भी शामिल हैं। खेल में उनके कद और लोकप्रियता को देखते हुए, टोरंटो एटीपी इवेंट से उनका हटना टूर्नामेंट के लिए एक महत्वपूर्ण झटका है।चार बार नेशनल बैंक ओपन जीतने वाले जोकोविच ने कहा, मैंने हमेशा कनाडा में अपने समय का आनंद लिया है, लेकिन अपनी टीम से बात करने के बाद, हमें विश्वास है कि यह सही निर्णय है। उन्होंने कहा, मैं इस निर्णय को समझने के लिए टूर्नामेंट निदेशक कार्ल हेल को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि मैं आने वाले वर्षों में कनाडा और टोरंटो में वहां के महान प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए लौट सकता हूं।



## बेंगलुरु एफसी से ऋण पर मुंबई सिटी एफसी में शामिल हुए मिडफील्डर जयेश राणे

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने बेंगलुरु एफसी से ऋण पर 2023-24 सीज़न के अंत तक मिडफील्डर जयेश राणे को क्लब में शामिल किया है। मुंबई में जन्मे और पले-बढ़े जयेश ने मुंबई एफसी अंडर-18 टीम के साथ अपनी यात्रा शुरू की। उन्होंने 2012 में मुंबई एफसी की सीनियर टीम के साथ पेशेवर फुटबॉल में कदम रखा। आई-लीग में प्रभावित करने के बाद, उन्हें 2014 में उद्घाटन आईएसएल ड्राफ्ट में नामित किया गया था और चेन्नईयिन एफसी द्वारा ड्राफ्ट किया गया। जयेश ने 2015 में चेन्नईयिन के साथ आईएसएल खिताब जीता। जयेश ने अपनी सफलता का सिलसिला जारी रखा और 2017 में आइजोल एफसी के साथ आई-लीग का खिताब जीता और 2019-20 में एटीके के साथ विजेता बनने के बाद आईएसएल जीतने की उल्लेखनीय उपलब्धि दोहराई। जयेश ने 2021-22 सीज़न से पहले बेंगलुरु एफसी के साथ करार किया। पिच के बीच में अपनी दक्षता और अपने नाम 103 लीग मैचों के साथ, जयेश आईएसएल के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक बने हुए हैं और अब अपने गृहनगर मुंबई में वापसी कर रहे हैं। मुंबई से जुड़ने पर जयेश ने कहा, ÷एक मुंबईकर के रूप में, मुंबई सिटी के लिए खेलने के अवसर से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। मैदान पर, मुंबई सिटी की महत्वाकांक्षाएं किसी से पीछे नहीं हैं और इसे क्लब को मिली हालिया सफलता से देखा जा सकता है।



## सिराज का प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीतने के बाद खुलासा, कहा- रोहित भाई ने दिया था सुझाव

**नई दिल्ली :** भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा और मेजबान टीम (भारत) ने पहले मैच में जीत की बदौलत सीरीज 1-0 से अपने नाम की। मैच में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मोहम्मद सिराज ने तेज गेंदबाजी इकाई का मार्गदर्शन करते हुए टेस्ट का पहला प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार हासिल किया। सिराज ने मैच के बाद कहा कि रोहित भाई ने दबाव न लेने का सुझाव दिया था। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी शानदार प्रदर्शन करने वाले सिराज ने कहा कि वह कभी भी दबाव में नहीं थे। उन्होंने कहा, 'टेस्ट में यह मेरा पहला मैन ऑफ द मैच पुरस्कार है। मैं बहुत खुश हूं। यहां तेज गेंदबाजों के लिए ज्यादा मदद नहीं थी। मैंने अपनी योजनाओं को सरल रखा और सही तरीके से उसे मैदान पर उतारा। सिराज ने कहा, 'जब आप इस तरह की परिस्थितियों में विकेट लेते हैं, तो आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ता है। रोहित भाई ने मुझसे खुद पर विश्वास करने, कोई दबाव न लेने का सुझाव दिया था।'

## बारह साल की दीक्षा बनी झज्जर जिले की पहली अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता महिला पहलवान

**झज्जर।** यूं तो हरियाणा के झज्जर जिले का मांडोठी पहलवानों का गांव हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गांव के कई पहलवानों ने नाम रोशन किया है। महिला पहलवान भी हैं। लेकिन 12 साल दीक्षा सबसे खास है। वह जिले की पहली ऐसी महिला पहलवान है जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता है। दीक्षा ने हाल ही में जॉर्डन में हुई अंडर-15 एशिया कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। इस बालिका ने जापान, कजाकिस्तान और किर्गिस्तान के पहलवानों को 10-0 के अंतर से हराकर पदक जीता। दीक्षा का कहना है कि वह ओलंपिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन करना चाहती है।बीएसएम स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा दीक्षा के घर पर तीन बहन एक भाई है। पिता सीआरपीएफ में हैं और मां गृहिणी हैं। गांव के अखाड़े में ही दादा के साथ खेलने जाती थी तो वहीं से पहलवानी में मन रम गया। दादा के साथ पहले गांव के अखाड़े में अभ्यास किया और अब हिन्द केसरी सोनू अखाड़े में अर्जुन अवार्डी पहलवान धर्मेन्द्र और अंतरराष्ट्रीय पहलवान सुधीर से कुश्ती के दांव पेंच सीख रही है। दादा लाजपत राय अपनी पोती को हर रोज गांव से अखाड़े में लेकर आते हैं। उनका कहना है कि दीक्षा पढ़ाई में भी अच्छी है, उसमें पहलवानी की प्रतिभा पैदाइशी है और एक दिन ओलंपिक में स्वर्ण पदक भी लाएगी। दीक्षा के कोच धर्मेन्द्र पहलवान का कहना है कि दीक्षा मैट पर बहुत ज्यादा मेहनत करती है। वह अखाड़े में 20 साल के पहलवान से ज्यादा मेहनत करती है। उसने एशिया कुश्ती में तीन देशों के पहलवानों को एकतरफा हराया।



## जूडो: तीन स्वर्ण के साथ लखनऊ रहा अव्वल, प्रयागराज दूसरे स्थान पर

**लखनऊ।** सीनियर प्रदेशीय जूडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जमकर पसीने बहाए और शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ ने जहां तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रयागराज एक स्वर्ण, तीन कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पुरुष लाइट वेट में लखनऊ के अनुपम पाल प्रथम, कानपुर देहात के अनुराग त्रिपाठी दूसरे, वाराणसी के निराज यादव और लखनऊ के उसमान तीसरे स्थान पर रहे। वहीं पुरुष मिडिल वेट में मुरादाबाद के देवेंद्र सिंह प्रथम, लखनऊ के कार्तिकेय मिश्र दूसरे, मुरादाबाद के पिंटू सैनी और प्रयागराज के शाहरूख खान तीसरे नम्बर पर रहे। वहीं हैवी वेट में कानपुर के अरमान सिद्दीकी प्रथम, वाराणसी के महेश कुमार यादव दूसरे और वाराणसी के ओम प्रकाश यादव और मुरादाबाद के आकाश कुमार तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में लाइट वेट में लखनऊ की शीतल थापा प्रथम, आगरा की रीता दूसरे स्थान पर और अयोध्या की पूर्ति मौर्या व प्रयागराज के लक्ष्मी यादव तीसरे स्थान पर रहीं। मिडिल वेट में प्रयागराज की ज्योति सिंह प्रथम, गोरखपुर की रोशनी प्रजापति दूसरे, गोरखपुर की सौम्या पांडे और प्रयागराज की सोनी मौर्या तीसरे स्थान पर रहीं। हैवी वेट में लखनऊ की श्वेता सिंह प्रथम, लखनऊ की ही रितिका दूसरे स्थान पर और मुजफ्फरनगर की जानवी व बरेली की सीमा यादव तीसरे स्थान पर रहीं।



## जापान ओपन: सभी की निगाहें संघर्षरत पीवी सिंधु और फॉर्म में चल रहे सात्विक-चिराग पर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु आज से शुरु हो रहे जापान ओपन में अपनी फॉर्म दोबारा हासिल करना चाहेंगी, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी कोरिया ओपन के बाद एक और खिताब जीतना चाहेगी। जापान ओपन का आयोजन 25 जुलाई से 30 जुलाई तक होने वाला है। सात्विक और चिराग, जो वर्तमान में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन रैंकिंग (बीडब्ल्यूएफ) में तीसरे नंबर पर हैं, ने फाइनल में फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो की शीर्ष क्रम की इंडोनेशियाई जोड़ी को हराकर शनिवार को कोरियाई ओपन खिताब जीता। स्विस ओपन और इंडोनेशिया ओपन के बाद इस साल सात्विक-चिराग की यह तीसरी बीडब्ल्यूएफ खिताब जीत थी। वे वर्तमान एशियाई बैडमिंटन चैंपियन भी हैं और अपने पिछले 10 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर मैचों में अपराजित हैं। दूसरी तरफ पीवी सिंधु इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में लय में आने का प्रयास करेंगी। सिंधु का यह सीज़न ख़राब चल रहा है, और वह अपने 12 बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंटों में से छह में पहले दौर से बाहर हो गई हैं। सिंधु के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण वह विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक गई हैं, जो एक दशक में उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। वह फरवरी से बिना कोच के थीं और उन्होंने पिछले हफ्ते पेरिस में 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक तक मलेशिया के मुहम्मद हाफिज हाशिम को अपना निजी कोच नामित किया था। जापान ओपन के नतीजों को पेरिस में बहु-खेल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी की क्वालीफाइंग रैंकिंग में गिना जाएगा। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो इस साल 1 मई को शुरू हुई थी। पुरुष एकल स्पर्धा में आठवीं वरीयता प्राप्त एचएस प्रणय और पूर्व विश्व नंबर किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन भाग लेंगे। युवा ऑरलियन्स मास्टर्स चैंपियन प्रियांशु राजावत भी इस कार्यक्रम में तिरंगे का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत की शीर्ष महिला जोड़ी गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली भी टोक्यो इवेंट में हिस्सा लेंगी।ब





## करमन कौर थांडी ने जीता आईटीएफ डब्ल्यू60 का खिताब

**मोहाली।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी की एथलीट करमन कौर थांडी ने यूएसए के इवान्सविले में आयोजित आईटीएफ डब्ल्यू60 इवान्सविले का एकल खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ ही करमन सानिया मिर्जा के बाद अमेरिका में प्रो खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गई हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त करमन ने फाइनल में यूक्रेन की यूलिया स्ट्रोडुबत्सेवा को 7-5, 4-6, 6-1 से हराकर 60,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। करमन ने पहले राउंड 1 में मेक्सिको की मारिया फर्नांडा नवारो और राउंड 2 में यूनाइटेड स्टेस की मारिबेला ज़मारिप्पा को हराया था, इससे पहले क्वार्टर फाइनल में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली यूनाइटेड स्टेट्स की एली किक को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराया था। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में संयुक्त राज्य अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को 6-4, 7-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।



## भारत की जीत में बारिश बनी रोड़ा, पांचवें दिन का खेल चढ़ा बारिशकी भेंट

**स्पेन।** भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां खेला जा रहा दूसरा टेस्ट मैच बारिश के कारण बिना किसी नतीजे के ड्रा समाप्त हो गया। इस ड्रा के साथ ही भारत ने दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1-0 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहला टेस्ट एक पारी और 141 रनों से जीता था। बारिश के कारण पांचवें और अंतिम दिन का खेल नहीं हो सका। पांचवें दिन सुबह से ही बारिश हो रही थे, बारिश जब रुकी तो लंच की घोषणा कर दी गई। हालांकि लंच के बाद फिर बारिश शुरु हो गई और आखिरकार मैच अधिकारियों को दिन का खेल खत्म करने की घोषणा करनी पड़ी।

मैच के आखिरी दिन जहां वेस्टइंडीज को जीत के लिए 289 रनों की जरूरत है, वहीं, भारत को 8 विकेट की दरकार थी। इस मैच में भारत ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए। वहीं, वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 255 रन बनाए। भारत ने पहली पारी के आधार पर 183 रनों की बढ़त मिली। भारत ने अपनी दूसरी पारी 2 विकेट पर 181 रन बनाकर घोषित कर दी और वेस्टइंडीज के सामने 365 रनों का लक्ष्य रखा। 365 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने चौथे दिन का खेल खत्म होने पर 2 विकेट पर 76 रन बना लिये थे। तेगनारायन चंद्रपॉल 24 और जर्मेन ब्लैकवुड 20 रन बनाकर थे। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज की तरफ से कप्तान क्रेग ब्रैथवेट (28) और किर्क मैकेंजी (00) के विकेट गिरे। दोनों विकेट रविचंद्रन अश्विन ने लिये। भारत ने दूसरी पारी 2 विकेट पर 181 रन बनाकर घोषित की इससे पहले भारत ने अपनी दूसरी पारी 2 विकेट पर 181 रन बनाकर घोषित कर दी। दूसरी पारी में भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा (57) और ईशान किशन (नाबाद 52) ने अर्धशतकीय पारियां खेंली। इन दोनों के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 38 और शुभमन गिल ने नाबाद 29 रन बनाए। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज के लिए जेरोम वारिकन और शैनन ग्रैबियल ने 1-1 विकेट लिये।



**वेस्टइंडीज की पहली पारी 255 रन पर सिमटी, ब्रैथवेट ने खेली अर्धशतकीय पारी**

वेस्टइंडीज ने पहली पारी में अच्छी शुरूआत की लेकिन आगे जाकर लड़खड़ा गई। वेस्टइंडीज ने अपने आखिरी पांच विकेट मात्र 47 रनों के अंदर गंवा दिये। वेस्टइंडीज के लिए पहली पारी में कप्तान क्रेग ब्रैथवेट (75) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। ब्रैथवेट के अलावा तेगनारायन चंद्रपॉल ने 33, किर्क मैकेंजी ने 32, एलिक अथानाजे ने 37 और जर्मेन ब्लैकवुड ने 20 रन बनाए।

भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज ने पांच विकेट, मुकेश कुमार, रवींद्र जडेजा ने 2-2 व रविचंद्रन अश्विन ने 1 विकेट लिया। **भारत ने पहली पारी में बनाए 438 रन, कोहली का शतक** इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए। भारत के लिए विराट कोहली ने अपने करियर का 29 वां शतक लगाते हुए शानदार 121 रन बनाए। कोहली के अलावा रोहित शर्मा (80) , रवींद्र जडेजा (61), रविचंद्रन अश्विन (56) और यशस्वी जायसवाल (57) ने अर्धशतकीय परी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से केमर रोच और जोमेल वारिकन ने 3-3, जेसन होल्डर ने 2 और शैनन गैब्रियल ने 1 विकेट लिया।

## स्पेन दौरे पर अपना सर्वश्रेष्ठ देना भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 25 जुलाई से टेरासा में शुरू होने वाले 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन - अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष हॉकी टीम इंग्लैंड, नीदरलैंड और मेजबान देश स्पेन का सामना करने के लिए तैयार हैं, जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम इंग्लैंड और स्पेन से भिड़ेगी। यह टूर्नामेंट भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह उनके लिए बहुप्रतीक्षित हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 से पहले तैयारी कार्यक्रम के रूप में काम करेगा, जिसके बाद हांग्जो एशियाई खेल 2023 होंगे। टूर्नामेंट से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, स्पेन में टूर्नामेंट हमारी रणनीतियों को बेहतर बनाने और दुर्जेय विरोधियों के खिलाफ हमारी क्षमताओं को मापने के लिए एक आदर्श मंच प्रस्तुत करता है। यह महत्वपूर्ण आयोजन एक लिटमस टेस्ट के रूप में काम करेगा, जो हमें सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में सक्षम करेगा, जो अंततः प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और बहुप्रतीक्षित एशियाई खेलों दोनों के लिए हमारी तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह मूल्यवान प्रदर्शन हमारे प्रदर्शन को ऊंचा करेगा और आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए हमारी तैयारी को मजबूत करेगा।

इस बीच भारतीय महिला हॉकी टीम पहला मैच जीतकर टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करने की कोशिश करेगी. 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट भारतीय महिला हॉकी टीम को अपनी कमियों पर काम करने और महत्वपूर्ण एशियाई खेलों 2023 से पहले अपनी टीम को बेहतर बनाने का एक आदर्श अवसर प्रदान करेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, स्पेन दौरा हमारे लिए वापसी करने और लचीलापन और दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। पूरे दौरे के दौरान, हमारा प्राथमिक ध्यान एक एकजुट टीम भावना को बढ़ावा देने और अपनी रणनीतियों को क्रियान्वित करने पर होगा। हमारा अंतिम लक्ष्य अपनी अनूठी खेल शैली के प्रति सच्चे रहना और पिछले दौरे से सीखे गए अमूल्य सबक का लाभ उठाना है। सविता ने कहा, 'इसके अलावा, यह दौरा आगामी एशियाई खेलों में सफलता की हमारी खोज में अत्यधिक महत्व रखता है। यह हमें हमारी शक्तियों और संभावित विकास के क्षेत्रों में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा, जिससे हमें अपने समग्र प्रदर्शन को ऊपर उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। हमारा लक्ष्य हर मुठभेड़ से सबक सीखकर एक इकाई के रूप में विकसित होना है क्योंकि हम अधिक से अधिक ऊंचाइयों पर चढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।



## मुझे जिम्मेदारियाँ पसंद हैं, चुनौतियाँ स्वीकार हैं:मोहम्मद सिराज

**स्पेन।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में सपाट ट्रैक पर अपने पांच विकेट लेने का श्रेय टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को दिया और कहा कि उन्होंने उनके सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया है।सिराज पिछले दो साल से अधिक समय से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। यह उनके विकास का श्रेय है कि भारत के टीम प्रबंधन ने उन्हें नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपने पहले विदेशी असाइनमेंट पर काफी अनुभवहीन तेज गेंदबाजी टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना, जबकि शमी और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया। रविवार को सिराज ने दिखाया कि टीम प्रबंधन ने उन्हें जिम्मेदारी क्यों दी और उन्हें कठिनाइयों का आनंद क्यों मिलता है। ऐसी सतह पर जहां तेज गेंदबाजों के लिए बहुत कम जगह थी, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने शानदार गेंदबाजी की और सपाट ट्रैक पर 5 विकेट लेकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापसी की।मोहम्मद सिराज ने चौथे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा , 'सपाट ट्रैक पर पांच विकेट लेना आसान नहीं है। इसका श्रेय सोहम (देसाई) भाई को जाता है, जिन्होंने मेरी फिटनेस पर अथक परिश्रम किया है। मैं लगातार मैच खेल रहा हूं और वह सुनिश्चित करते हैं कि मैं फिट रहूं। गर्मी और उमस थी और बारिश के कारण हम मैदान के अंदर और बाहर जा रहे थे, एक तेज गेंदबाज के लिए खुद को संभाले रखना मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में लंबे स्पैल फेंकना भी आसान नहीं है।उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी योजना को अच्छी तरह से क्रियान्वित किया। ज्यादा कुछ नहीं हो रहा था, इसलिए मैंने स्टंप्स टू स्टंप्स गेंदबाजी करने की योजना बनाई। बल्लेबाजों को आसानी से रन नहीं देने और चीजों को सरल बनाए रखने की योजना सरल थी। मुझे ज़िम्मेदारियां पसंद हैं। अपने कंधों पर जिम्मेदारी के साथ मैदान पर कदम रखने से मुझे अतिरिक्त प्रेरणा मिलती है और यह चुनौतीपूर्ण भी है और मुझे चुनौतियों को स्वीकार करना पसंद है।'भारत ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए कुल 365 रनों का लक्ष्य रखा है, जबकि मेजबान टीम ने पोर्ट ऑफ स्पेन में चौथे दिन के अंतिम सत्र में दो विकेट खो दिए। दिन के खेल खत्म होने पर वेस्टइंडीज ने 2 विकेट पर 76 रन बना लिए हैं। तेगनारायन चंद्रपॉल (24*) और जर्मेन ब्लैकवुड (20*) क्रीज पर मौजूद हैं। सिराज ने दो अन्य भारतीय खिलाड़ियों नवोदित मुकेश कुमार और ईशान किशन की तारीफ की। ईशान ने भारत की दूसरी पारी में 34 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। सिराज ने कहा'जिस तरह से विकेट टर्न ले रहा है, मुझे लगता है कि ऐश (अश्विन) भाई विपक्षी टीम को जल्द ही धराशायी कर देंगे।'



## हैदराबाद एफसी ने मिडफील्डर पेटेरी पेन्नानन के साथ किया एक साल का करार

**हैदराबाद।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब हैदराबाद एफसी ने फिनलैंड के मिडफील्डर पेटेरी पेन्नानन के साथ करार किया है। क्लब ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से इसकी पुष्टि की। 32 वर्षीय मिडफील्डर, जिसने अपने करियर में 380 से अधिक मैच खेले हैं, 2023-24 सीज़न से पहले एक साल के सौदे पर हैदराबाद एफसी में शामिल हुए हैं।पेटेरी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'मैं क्लब के साथ करार करके वास्तव में खुश हूं और नए सीज़न का इंतजार कर रहा हूं। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों के अच्छे मिश्रण के साथ रोमांचक युवाओं का एक समूह है, इसलिए मुझे यकीन है कि अगर हम हर दिन कड़ी मेहनत करते हैं तो हमारे पास एक शानदार सीजन होगा।' अपने गृहनगर में कुओपियन पल्लोसुरा की अकादमी के साथ अपना करियर शुरू करने के बाद, पेन्नानन फिनिश फुटबॉल में नियमित रहे हैं, उन्होंने अपने देश में डिवीजनों में 300 से अधिक लीग मैचों में भाग लिया है।अपने करियर में, मिडफील्डर ने नीदरलैंड, पोलैंड, इंडोनेशिया और अमेरिका में भी खेला है। फ़िनिश राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने के बाद, पेन्नानन को 2018 और 2019 में लगातार वर्षों तक, फ़िनिश शीर्ष लीग, वीकौसलीगा में वर्ष की टीम में नामित किया गया था। उन्हें 2018, 2019 और 2022 में वीकौसलीगा का मिडफील्डर ऑफ द ईयर भी नामित किया गया था। वह पिछले कुछ सीज़न में टैम्परीन इल्वेस के लिए अच्छी फॉर्म में रहे हैं, जहां उन्होंने कप्तान का आर्मबैंड भी पहना था।पेन्नानन अगले सीज़न में पहली बार भारतीय फुटबॉल का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं वादा करता हूं कि जब भी मैं मैदान पर उतरूंगा, हर पल अपना सबकुछ झोंक दूंगा।



## मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव के 67वें जन्मदिन पर 29 जुलाई को आयोजित होगा साहित्यकार सम्मान समारोह एवं युवा संवाद कार्यक्रम

### कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में सर्व सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

संभागीय ब्यूरो रीवा
पुष्पांजलि टुडे




**रीवा- 26 जुलाई!** 67 वर्ष के अपने जीवन में 50 वर्ष समूचे समाज की सेवा में समर्पित करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी, मीसाबंदी, विचारक एवं साहित्यकार सुभाष श्रीवास्तव के 67वें जन्मदिन पर 29 जुलाई 2023 को ÷साहित्यकार सम्मान समारोह÷ एवं ÷युवा संवाद कार्यक्रम÷ का आयोजन किया जाएगा! जिसमें साहित्य के क्षेत्र में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले 67 साहित्यकारों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से उन्हें सम्मानित किया जाएगा! ये कार्यक्रम शहर के सर्व सामाजिक संगठनों द्वारा किया जाएगा! उक्त आशय की जानकारी देने हेतु स्थानीय कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया! जिसको प्रमुख रूप से शहीद भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष सुजीत द्विवेदी, अभ्युदय उपकार फाउंडेशन की अध्यक्ष अनामिका शुक्ला, हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की अध्यक्ष तमन्ना अंसारी, युवा समाड़सेवी अविराज, विप्र सेवा संगठन की नेशनल पी. आर. ओ. डॉ आरती तिवारी एवं युवा एकता कल्याण संघ के अध्यक्ष राजराखन पटेल ने संबोधित किया! पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सर्व सामाजिक संगठन के समाजसेवियों ने कहा कि साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है! समाज को सही दिशा और दशा प्रदान करने में कवियों, शायरों और साहित्यकारों का विशेष महत्व होता है! इसीलिए उनकी जीवटता और जिजीविषा को प्रणाम करने के उद्देश्य से ये कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है! साथ ही ÷सक्रिय राजनीति में युवाओं की भूमिका÷ विषय पर ÷युवा संवाद÷ कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें उपस्थित अतिथियों द्वारा युवा वर्ग एवं छात्र छात्राओं द्वारा पूंछे गए प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जायेगा! उक्त कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, साहित्यकार, पत्रकार, छायाकार, शिक्षाविद, चिकित्सक गण, अधिवक्ता गण, रंगकर्मी और बौद्धिक वर्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों के महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहेंगे! मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव के जन्मदिन पर आयोजनों का ये सिलसिला विगत 6 वर्षों से जारी है! गत वर्षों में 65वें जन्मदिन पर 65 कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया गया था! 66वें जन्मदिन पर 66 मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया गया! इस वर्ष 67वें जन्मदिन पर 67 साहित्यकारों को सम्मानित जायेगा!

## विकास पर्व में सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का हुआ भूमिपूजन

### पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक ने 23.98 लाख रुपए की लागत की सड़क का किया भूमिपूजन

संभागीय ब्यूरो रीवा





**रीवा।** पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक राजेन्द्र शुक्ल ने 23.98 लाख रुपए की लागत के सड़क सुदृड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। विकास पर्व के दौरान नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 अर्जुन नगर में शंकर कृष्णनानी के घर से सिंधी कालोनी मार्ग होते हुए शिवदत्त तिवारी के घर तक पूर्व से बनी कंक्रीट सड़क का सुदृड़ीकरण कार्य कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर अपने उद्बोधन में विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जिन मोहल्लों में सड़कों पर पानी आ जाता है वहाँ कंक्रीट सड़क के बन जाने से निजात मिलेगी। अमहिया से पीटीएस चौराहे तक कंक्रीट सड़क के ऊपर डामरीकरण किया जाएगा ताकि इस सड़क का और भी सुदृड़ीकरण हो जाए। इन सब कार्यों के लिए बजट में कायाकल्प के तहत अलग से आवंटन प्रस्तावित किया गया है। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा के विकास के लिए पूरी ताकत से काम किया जा रहा है। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, ईको पार्क, रिवरफ्रंट, एयरपोर्ट एवं रिंगरोड का कार्य तेजी से जारी है। रीवा में फोरलेन, फ्लाईओवर एवं आरओवी निर्माण के ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। इन सभी के कार्यों की चर्चा पूरे देश में है। रीवा का विकास रूकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि रानी तालाब का कायाकल्प तथा हर घर में मीठा पानी पहुंचाने का काम प्राथमिकता से हुआ। आज खुशी का दिन है जब अमहिया में सड़क निर्माण सुदृड़ीकरण का कार्य हो रहा है जिससे इस मोहल्ले में और अधिक उन्नति होगी उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा विकास की गंगा बहाई जा रही है। रीवा शहर में रिंग रोड, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, फ्लाई ओवर, एयरपोर्ट निर्माण जैसे बड़े कार्यों के साथ अन्य जनोन्मुखी कार्य किए जा रहे हैं। शहर में मूलभूत सुविधाओं को बड़ाने के सभी कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। रीवा नगर निगम क्षेत्र के वार्डों में शेष कार्य शीघ्र होंगे। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्रीमती संस्कृति जैन, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला, राजगोपाल मिश्राचारी सहित वार्ड पार्षद व स्थानीयजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने बैढ़न, सिंगरौली से किया समरसता यात्रा का शुभारंभ

### संत रविदास की परिकल्पना के अनुरूप देश और प्रदेश में राजः मुख्यमंत्री श्री चौहान, संत रविदास जी भारतीय संत परंपरा के शिरोमणि थे, संत रविदास स्मारक समाज को शांति, सद्भाव और समरसता का संदेश देगा, 12 अगस्त को प्रधानमंत्री श्री मोदी सागर में करेंगे स्मारक का शिलान्यास, समरसता यात्रा 46 जिलों और 53 हजार गाँवों से निकलेगी, गाँव-गाँव की मिट्टी और 315 नदियों का जल लाया जाएगा

संभागीय ब्यूरो रीवा

रीवा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि संत शिरोमणि रविदास जी ने ऐसे राज की परिकल्पना की थी जहाँ हर व्यक्ति को भरपेट भोजन मिले और सभी का कल्याण हो। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत में ऐसी ही शासन व्यवस्था स्थापित की है, जिसमें हर व्यक्ति के लिए भरपेट भोजन, रहने के लिए मूलभूत सुविधाओं से युक्त पक्का आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य की व्यवस्था की गई है। हर व्यक्ति का कल्याण किया जा रहा है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास उनका मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री श्री चौहान बैढ़न, सिंगरौली से संत रविदास समरसता यात्रा का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने संत रविदास का पूजन, दीप प्रज्वलन एवं संत श्री भैयालाल भगत, श्री रमाशंकर दास, श्री कन्हैया लाल और सेवादार श्री रमाकांत दास, श्री रामसजीवन दास और प्रेमदास जी का अंग वस्त्र, शॉल तथा श्रीफल से सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने जल कलश और मृदा पात्र का भी पूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास जी भारतीय संत परंपरा के शिरोमणि थे जिन्होंने सामाजिक सद्भाव, समरसता और समानता का मंत्र दिया। उन्होंने जात-पात, छुआछूत और कुप्रथाओं का कड़ा विरोध किया। वे परोपकारी, दयालु और मृदुभाषी थे। वे चर्म शिल्पी थे और जो कमाते थे दीन-दुखियों में बाँट देते थे, इस कारण पिता ने उन्हें घर से निकाल दिया था, परंतु उनका जन्म भक्ति और परोपकार के लिए था। वे समरसता के अग्रदूत थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों की रक्षा की।

मैंने संत रविदास जी की जयंती पर 8 फरवरी को सागर में घोषणा की थी कि वहाँ 102 करोड़ रुपए की लागत से संत रविदास जी का भव्य मंदिर और स्मारक बनाया जाएगा, जो समाज को शांति, सद्भाव और समरसता का संदेश देगा। समाज में संत रविदास के संदेश और जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में समरसता यात्राएँ निकाली जा रही हैं, जो 12 अगस्त को सागर पहुँचेंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित रथ प्रदेश के 46 जिलों और 53 हजार गाँवों से होकर निकलेंगे, जिनमें हर गाँव की मिट्टी और 315 नदियों का जल शिलान्यास स्थल पर ले जाया जाएगा। रथ में स्वामी रविदास की पादुका,



चित्र और कलश होंगे, जिनका जगह-जगह पूजन किया जाएगा। रथ पर सामाजिक समरसता के संदेश उल्लेखित है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 12 अगस्त को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सागर में संत रविदास के स्मारक का शिलान्यास करेंगे। यह भव्य स्मारक नागर शैली में बनाया जाएगा जिसमें संत रविदास के दोहे और शिक्षाएँ उकेरी जाएंगी। स्मारक में चार गैलरी होंगी। प्रथम गैलरी में संत रविदास का जीवन, दूसरी में इंटरप्रिटेशन सेंटर, तीसरी में उनका दर्शन और रविदासिया पंथ की शिक्षाएँ और चौथी गैलरी में उनका काव्य और साहित्य लाइब्रेरी और संगत हॉल होगा। स्मारक के पास ही जलकुंड, भक्त-निवास और भोजन-शाला बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास कहते थे ऐसा चाहूँ राज में, जहाँ मिले सबन को अन्न, छोटे-बड़े सब सम बसें रविदास रहे प्रसन्न। उनकी इस शिक्षा का हमारी सरकारें अक्षरशः पालन कर रही हैं। सरकार गरीबों को निःशुल्क अन्न दे रही है, सबके लिए पक्के आवास और इलाज की व्यवस्था की गई है। मजदूरी करने आने वालों के लिए 5 रूपये में भरपेट भोजन की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि फेरी वालों और छोटे-मोटे काम करने वालों को किसी को बैठकी देने की जरूरत नहीं है, वे निर्भय होकर अपना कार्य करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास की शिक्षा के अनुरूप प्रदेश में सब की खुशहाली के लिए कार्य हो रहे हैं। बहनों को सशक्त बनाया जा रहा है। लाड़ली बहना योजना बहनों के आत्म-सम्मान की योजना है। इसकी राशि को धीरे-धीरे बड़ाकर 3000 रूपये प्रतिमाह तक किया जाएगा। प्रदेश में सबके लिए शिक्षा की व्यवस्था की गई है। बच्चों को शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए हर संभव सहायता दी जा रही है। प्रशिक्षण के साथ रोजगार के लिए सीखो-कमाओ योजना शुरू की गई है। प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है और 50 हजार पदों पर और भर्ती होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पहली सरकारों में अनुसूचित जाति के लिए बजट प्रावधान 286 करोड़ होता था, जबकि हमारी सरकार में यह 26000 करोड़ हो गया है। अजा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, आश्रम शाला, स्कॉलरशिप और अन्य सुविधाएँ दी जा रही हैं। रोजगार के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना में एक लाख से 50 लाख तक का ऋण सरकार अपनी गारंटी पर दिलवा रही है। भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण और सावित्रीबाई फुले स्व-सहायता योजना संचालित हैं। भोपाल में संत रविदास ग्लोबल स्किल पार्क बनाया जा रहा है जहाँ 6000 बच्चों को ट्रेनिंग दी जाएगी। काशी से आये संत श्री भैयालाल भगत सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी के स्मारक में उनकी जन्म-स्थली का पवित्र जल का उपयोग होना हमारे लिये सौभाग्य का विषय है। उन्होंने गुरू रविदास जी की समरसता एवं समाज कल्याण के संदेशों का उल्लेख किया। सांसद श्रीमती रीति पाठक ने कहा कि आज का दिन एतिहासिक दिन है, जिसमें संत रविदास की जन्म-स्थली काशी से आये संतों का सम्मान करने का मौका मिला है। आज का दिन जनहित, विजय और जनभावना के सम्मान का दिन है। यह हमारा सौभाग्य है कि यहाँ से एकत्र मिट्टी एवं जल का उपयोग सागर जिले में बनने वाले संत रविदास जी के स्मारक के निर्माण में होगा। सांसद श्रीमती पाठक ने क्षेत्र के विकास के लिये मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार व्यक्त किया। यात्रा प्रभारी श्री कैलाश जाटव ने कहा कि यह यात्रा 5 जिलों से प्रारंभ होकर हजारों गाँव से होते हुए पूरे प्रदेश की नदियों का जल एवं मिट्टी को लेकर सागर पहुँचेंगी, जिसका उपयोग संत रविदास जी के स्मारक में होगा। कार्यक्रम में वन मंत्री श्री विजय शाह, विधायक श्री अमर सिंह, सिंगरौली विधायक श्री राम लल्लू बैस, विधायक चितरंगी श्री अमर सिंह, श्री कांतदेव सिंह, श्री रणवीर सिंह रावत, श्री रामसुमिरन गुप्ता सहित अन्य जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाने के लिए सम्मान जरूरी है: कांग्रेस

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने 21 जुलाई को ग्वालियर में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी की जन आक्रोश रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने बाले कांग्रेस के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और सहयोगी बस ऑपरेटरों का कांग्रेस की पट्टी सम्मान पत्र और पुष्पा हार पहना कर सम्मान किया। इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा हमारा कार्यकर्ता हमारी पार्टी की नींव का मजबूत पत्थर है जिस पर कांग्रेस पार्टी टिकी हुई है,आज जिस हालात में वह संघर्ष करके कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहा है। इसलिए अपने कार्यकर्ता का सम्मान करना इस दौर में बहुत जरूरी है। जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में सन 2023 में कार्यकर्ता पूरी जी जान के साथ कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए पुरजोर मेहनत करेगा जन आक्रोश रैली में मेरा सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं का मैं हृदय से आभारी हूं। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर मोहम्मद कुरैशी ने कहा कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता स्थापना के समय से ही संघर्ष करके पार्टी को मजबूत कर रहा है, ग्वालियर में कांग्रेस की



राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी की जन आक्रोश रैली को सफल बनाने में हमारे कार्यकर्ता ने जिस तरीके से पुरजोर मेहनत की है ऐसी स्थिति में कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उनका सम्मान करना जरूरी है

इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने कहा कांग्रेस का कार्यकर्ता आज की विषम परिस्थितियों में आम जनता की लड़ाई लड़ते हुए संघर्ष कर रहा है और जिस तरीके से कांग्रेस का कार्यकर्ता आम लोगों को जन आक्रोश रैली में ले जाने के लिए मेहनत कर रहा था उसने यह साबित कर दिया की जनता भी उसके साथ है। नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने बताया की जन आक्रोश रैली में अपने वार्ड, मोहल्ले गांव से लोगो को ले जाने वाले संघर्षशील कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सम्मानित किया गया जिनमे प्रमुख रूप से पान सिंह बाबूजी, संजीव बरुआ, वीरेंद्र यादव, गजेंद्र यादव, जुग्गन दीक्षित, कमलेश जाटव ,विनोद जाटव ,प्रमोद दीक्षित ,पीसी संजय यादव कमलेश कुमार राकेश कुमार, राजकुमार शर्मा, अकोड़ा विजय सिंह, कमलेश सुमन, राजवीर खन्ना ,कुलदीप भारद्वाज, मन्नू सिंह सोने, राम जाटव, भारत सिंह, उदय नरेश सिंह, हिम्मत सिंह, हरिऔध अशोक सिंह यादव, राम प्रकाश यादव, सोनवीर यादव, बलराम जाटव, सतपाल अगरिया, शिशुपाल सिंह भदोरिया, शिव शंकर भदोरिया रामरतन यादव दाऊ, इरशाद कुरेशी, रमेश ठाकुर, पंकज भदोरिया, धीरेंद्र सिंह भदोरिया,परमाल सिंह नरवरिया, आनंद शांति शाक्य, सुरेंद्रसेंगर, रामपाल सिंह भदोरिया मसूरी अनूप सिंह बुध सिंह राजावत, सोनवीर राजावत, कल्ले राजावत,आदित्य प्रताप सिंह कुशवाह, अनीस कुरैशी स्मिता शर्मा वकील खान योगेश यादव मोहर सिंह जाटव बृजेश कुमार आदि।

## अधिवक्ताओं ने लगाया नायब तहसीलदार यतीस शुक्ला पर गैर जिम्मेदाराना निर्णय करने का आरोप

सम्भागीय ब्यूरो रीवा

**रीवा** -हुजूर न्यायालय के शहर में पदस्थ नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला पर कलेक्ट्रेट अधिवक्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तानाशाही करने का आरोप लगाया -अधिवक्ता आनंद तिवारी ने बताया कि यतीश शुक्ला अपनी मनमानी करते हैं- अधिवक्ताओं के द्वारा दिए गए आवेदन को भी लेने से इनकार कर देते-अधिवक्ताओं ने कहा कि 10 वर्षों से यतीश शुक्ला रीवा में जमे हुए हैं और इनका व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति तानाशाही वाला रहता है।

## नए आश्रम भवन की मांग को लेकर युवा संघर्ष मोर्चा करेगी चक्काजाम

मैनपुर- विकासखंड मुख्यालय मैनपुर से 22 कि.मी. दुर ग्राम तौरेंगा में स्थित आदिवासी बालक आश्रम आज बदहाल अवस्था में है। बतादें की सन् 1994-45 से संचालित यह आश्रम आज पुरी तरह जर्जर हो चुका है। आश्रम के पुराने भवन की छतें व दिवारों के बड़ी बड़ी दरारें है। छत से बारिश का पानी रिसता है। खिड़कियों में शीशे नहीं होने के कारण ज़हरीले कीड़े-मकोड़े, सांप, बिच्छु का ख़तरा यहाँ के बच्चों पर बना रहता है। इतना ही नहीं बाउंड्रीवाल भी जीर्ण शीर्ण अवस्था में जगह जगह टूट फूट गया ऐसे में जंगली जनावरों के आने का ख़तरा भी हमेशा बना रहता है। ऐसे में यहाँ अध्ययन करने वाले बच्चों को हमेशा भयभीत होकर रहना पड़ रहा है, लेकिन ऐसे गम्भीर समस्याओं पर शासन-प्रशासन द्वारा पहल किया जाना चाहिए। युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद द्वारा नए भवन की मांग को लेकर चक्काजाम करने को लेकर आज युवा संघर्ष मोर्चा जिलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप मुख्यालय मैनपुर पहुँचकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर, अनुविभागीय अधिकारी पूलिस मैनपुर, विकासखंड शिक्षाशिकारी को ज्ञापन देते हुए कहा की- आदिवासी बालक आश्रम तौरेंगा के पुराना भवन पुरी तरह जर्जर है। कई बार नई भवन की मांग को लेकर शासन प्रशासन से आवेदन निवेदन किया जा चुका है, लेकिन अब तक इस गम्भीर विषय पर कोई पागल नही किया गया। कई बार विभागीय अधिकारी जाँच कर यहाँ से रिपोर्ट बना चुके लेकिन अब तक नए भवन निर्माण को लेकर कोई थिस पहल नही किया जाना ग़ैरज़िम्मेदाराना रवैया है। ऐसे में युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद के द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2023 सोमवार को प्रातःकाल से राष्ट्रीय राज्यमार्ग 130 सी में सड़क काम कर इस ज्वलनतशील मुद्दे की निराकरण की मांग करने की बात भी जिलाध्यक्ष कश्यप ने कही है।

## नगरपालिका द्वारा दूषित पानी प्रदाय एवं नगर की गौशाला की देखरेख न करने को लेकर सीएमओ के नाम दिया ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गोहद।** नगर में दूषित पानी सप्लाई करने एवं नगर की गौशाला में गायों की जय प्रेग्नेंट करने के विरोध में को लेकर गौ सेवा समिति एवं समाजसेवियों ने सीएमओ के नाम बड़े बाबू को ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई है कि गोहद की लगभग जनसंख्या 80 से 90 हजार है, जो नगरपालिका द्वारा दिये जाने वाले पानी पर आश्रित है। नगरपालिका के मध्यम से गोहद क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को जो पानी प्रदाय किया जा रहा है, वह पानी दूषित व बदबूदार है जो कि पीने व नहाने योग्य नहीं है। अधिकांश नगरवासी गम्भीर बीमारी एवं संक्रमण के शिकार हो रहे हैं, जबकि इस समस्या के संबंध में गोहद नगरपालिका अध्यक्ष, सी0एम0ओ0 एस0डी0एम0 एवं कलेक्टर महोदय को पूर्व में नगरवासियों एवं पार्षद प्रतिनिधियों द्वारा भी विरोध व धरना प्रदर्शन के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है जिसके उक्त संबंध में आला अधिकारियों द्वारा आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, नगरपालिका के फिल्टर प्लॉट पर लगे हुये जनरेटर कई माह से खराब पड़े हुये है जिसके कारण प्रदाय किये जाने वाला पानी फिल्टर न होकर डायरेक्ट जनता को दूषित पानी प्रदाय किया जा रहा है। दूषित पानी देने के बावजूद भी नगरपालिका द्वारा



नगरवासियों पर जबरन पानी के बिल थोपे जा रहे हैं।इसलिये गोहद नगर के समस्त परिवारों के दूषित पानी का बिल माफ किया जाये एवं नगरपालिका द्वारा दिये जाने वाले पानी की सैम्पलिंग जॉच कर जनता को शुद्ध पानी प्रदाय किया जाये।

गोहद नगर में स्थित गौशाला में नगरपालिका एवं आला अधिकारियों की लापरवाही की वजह से गायों को खाने के लिये ना तो भूसा दिया जा रहा और ना ही पीने के लिये पानी दिया जा रहा एवं गौशाला की व्यवस्था व रख-रखाव के लिये आज दिनांक तक कोई कर्मचारी नियुक्त नहीं किया गया। जिसके चलते गौशाला में गायों को आये दिन आवारा कुत्तों का शिकार होना पड़ता है। इस संबंध में आज दिनांक तक प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की और ना ही वहां कोई व्यवस्था की जा रही है।गोहद नगर की गौशाला को एक स्वच्छ ईमानदारी गौसमिति को दिया जावे जिससे गौमाता का रख-रखाव हो सके । इन सभी मांगों को लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी 7 दिवस के अन्दर दूषित पानी, बिल माफी एवं गौशाला के रख-रखाव की कार्यवाही नहीं की जाती तो नगरवासियों के द्वारा नगरपालिका के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही एवं अनसन किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन व गोहद प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने के दौरान गौ सेवा समिति एवं समाजसेवियों सहित लगभग एक सैकड़ा लोग मौजूद थे

# नौनिहाल बच्चों को शिक्षा देने के बजाय स्कूल में लगवाया जाता है झाड़ू

## शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय इटार का बड़ा मामला आया सामने

**संभागीय ब्यूरो रीवा**

**रीवा -गुढ़।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शासकीय विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु विभिन्न तरह की योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं खासतौर पर बालिकाओं को शिक्षित व स्वावलंबी बनाने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा भी दिया गया किंतु आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ तुच्छ व ओछी मानसिकता के लोग बेटियों को धूल-कचरा मानते हैं।कोई भी मां-बाप बड़ी आशा व उम्मीद से अपने बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने व शिक्षित करने के उद्देश्य से स्कूल भेजता है ताकि उनकी बेटी/बेटा अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके किंतु बड़े दुर्भाग्य की बात है कि शासकीय स्कूल में पदस्थ कुछ गैर-जिम्मेदार व कामचोर शिक्षक बच्चे/बच्चियों को पढ़ाने के बजाय झाड़ू पोंछा करवाते हैं जो कि गांव देश व समाज के लिए बड़े शर्म की बात है। जी हां,हम बात कर रहे हैं एक ऐसे शासकीय विद्यालय की जहां पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा छोटी-छोटी बच्चियों से विद्यालय परिसर में प्रतिदिन झाडू लगवाया जाता है।आपको बता दें कि गुढ़ तहसील अंतर्गत इटार गांव में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पढ़ाई का स्तर शून्य



है जिसका सिर्फ एक ही कारण है कि कभी भी विद्यालय में कक्षाओं का संचालन नहीं होता क्योंकि शिक्षकों को गपशप व राजनीति की बातें करने से ही फुर्सत नहीं मिल पाती। आपको बता दें कि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय इटार में ज्यादातर पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लड़के-लड़कियां पढ़ने आते हैं किंतु उन नौनिहाल बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करते हुए पढ़ाने के बजाय बच्चियों से झाड़ू लगवाया जाता है।कुल मिलाकर माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्वर्णिम मध्यप्रदेश व बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसी सकारात्मक सोच पर पलीता लगाने पर तुला हुआ है विद्यालय प्रबंधन इतना ही नहीं इस विद्यालय में शासन की गाइडलाइंस व मापदण्ड़ों के अनुरूप कोई भी काम नहीं होता जिसका जीता जागता उदाहरण अतिथि शिक्षक नियुक्ति में देखा जा सकता है। फिलहाल यहां पर सबसे बड़ा व महत्वपूर्ण सबाल यह है कि विद्यालय में नौनिहाल बच्चियों से झाड़ू लगवाना शासन के किस नियमावली में है ड़ विद्यालय में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की बच्चियां झाड़ू लगाने जाती हैं या पढ़ने ड़ यह एक बहुत ही शर्मनाक बात है, शासन-प्रशासन को इस मामले पर गंभीरता से विचार करना चाहिए तथा ऐसे गैर-जिम्मेदार शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए जो आज भी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के बच्चे/बच्चियों से भेदभाव व द्वेश की भावना रखते हैं। विद्यालय में झाड़ू लगाती एक बच्ची,,,, आप भी वीडियो देखिए और विचार कीजिए की यह यह उचित है।

## लोकतंत्र में मतदान का बहुत बड़ा महत्व है हमें अपने मताधिकार का उपयोग राष्ट्रहित में करना चाहिए : आभा जैन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया के आव्हान पर चलाए जा रहे नव युवती मतदाता जागरूक अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आभा जैन ने महिला पदाधिकारियों के साथ शहर के गर्ल्स विद्यालय पहुंचकर छात्राओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमें अपने आप पर स्वयं विश्वास होना चाहिए कि हम इस राष्ट के नव निर्माण एवं आत्म निर्भर विकास को बनाने वाले सरकार के प्रति जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। जब हम अपना मत व्यक्ति को देंगे तो वह निश्चित ही समाज में सेवा के लिए तत्व पर आगे तैयार रहेगा मताधिकार करना हमारा मूल अधिकार है। श्रीमती जैन ने नव युवती मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम यहां पर मतदान की अनिवार्यता पर इस में मतदान का महत्व के संदर्भित सभी माहिति को आपके साथ शेयर किया गया है ।सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए मददगार है। उन्होंने लोकतंत्र में मतदान का महत्व बहुत अधिक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मतदान ही एक अनूठा जरिया है, जिसमें जनता का मूल अधिकार होता है। लोग मतदान के जरिए अपने प्रत्याशी को चुनते हैं। मतदान की प्रक्रिया की वजह से ही जनता का खुद का शासक चुना जाता है और वही शासन करता है। 26 जनवरी 1950 को भारत में संविधान लागू हुआ, उससे पहले देश ब्रिटिश सरकार के गुलाम था और ब्रिटिश सरकार से पहले देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं थी। देश के राजाओं के द्वारा शासन चलाया जाता था और वहां पर सभी को समान अधिकार नहीं मिलता था। राजा के बेटे की राजा बनते थे। ऐसे में 26 जनवरी 1950 को जब देश में संविधान लागू हुआ तो देश में लोकतंत्रिक व्यवस्था लागू की गई। जिसकी वजह से देश भर में हर आम आदमी को अपना शासक चुनने का अधिकार और हर आम आदमी को उम्मीदवार के रूप में खड़े होने का अधिकार है। इस अवसर पर भाजपा महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी, जिला महामंत्री आरती पाठक,मंडल अध्यक्ष राजेश्वरी मिलवारे,आशा शर्मा, मधु परिहार गुड्डी राजावत प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## अस्पतालों में बढ़ रही आई फ्लू के मरीजों की संख्या डॉक्टर ने बताए बचाव के उपाय

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**गोहद-** बदलते मौसम के कारण इन दिनों आई फ्लू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है जहां गोहद मौ मालनपुर सहित सभी जगह ओपीडी में आई फ्लू के मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए डॉक्टर अरविंद जोशी ने लोगों को सलाह दी है के धूप छांव वाला काला चश्मा लगाकर ही बाजार में निकले अपने पास साफ एवं स्वच्छ रूमाल एवं साफी रखें किसी से भी आंखें न मिलाएं अपने सोने वाले बिस्तरों में तकिया चद्दर आदि को साफ स्वच्छ रखें साथ ही डॉक्टर की सलाह से ड्राप डालें एवं डॉक्टर द्वारा परीक्षण कराकर ही दवा ले साफ स्वच्छ पानी से आंखों को साफ करते रहे अभी मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा है जहां रात के समय सर्दी एवं दिन में गर्मी हो रही है जिस कारण यह रोग भी बढ़ रहा है तेज बारिश होने के बाद यह रोग स्वतः ही थम जाएगा इसलिए स्वयं एवं परिवार को बचा कर रखें।

## थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक व्यवस्थाओं के बारे में ली लोगों से राय

**दैनिक पुस्पाजली टुडे**



**गोहद।** मौहर्रम के त्यौहार को देखते हुए गोहद थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें एसडीओपी सौरभ कुमार, तहसीलदार, थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा, सीएमओ प्रतिनिधि, विधुत विभाग अधिकारी, सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहेद्य बैठक में एसडीओपी ने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार शांति और भाई चारे के साथ मनाऐ ताजिए निकालते समय नगर के प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहेगा आप शांतिपूर्वक ताजिया निकालें और किसी भी प्रकार का उपद्रव ना करें और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ सामाजिक सद्भावना बिगड़ने वाली पोस्ट ना करें जो कोई व्यक्ति सामाजिक सद्भावना बिगड़ने की कोशिश करेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी बैठक के दौरान ताजिया निकलने का समय रूट एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली साथ ही नगरपालिका को साफ सफाई,विधुत विभाग को सर्विस लाइन दुरूस्त करने कर्बला में लाइट पानी आदि की व्यवस्था करने की अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी इस अवसर पर काजी हसमत अली, लाखन सिंह, भीकम कौशल, अबरार खां ,साबू खान, हसरत खां,अकरम खान, आतमदास,माजिद खां,तहसील शाह,सलीम ,बल्लू खां,नसीर अहमद, सब्बीर राइन, शहयाद खां, बल्लू सेमर,रामख्त्यार सिंह।

## हनुमना पुलिस के चंगुल में फंसा कोरेक्स तस्कर 840 सीसी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**संभागीय ब्यूरो रीवा**



रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन पर हनुमाना थाना प्रभारी चेतन मर्सकोले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक लाख रुपये की अवैध नशीली कप सिरप को मय आरोपी एवं वाहन को दबोचा मीडिया को जानकारी देते हुए हनुमाना थाना प्रभारी चेतन मर्सकोले ने बताया कि दिनांक 25 जुलाई को थाना हनुमना पुलिस ने मुखबिर सूचना पर उत्तर प्रदेश से लाई जा रही अवैध नशीली कफ सिरप की सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर पकड़ा वाहन की तलाशी पर एक आरोपी एवं बाल अपचारी के कब्जे से लाखों रुपए की 840 अवैध नशीली सीशियो को जप्त कर एवं तस्कीर करने में प्रयोग किए जाने वाले वाहन होंडा अमेज कार को जप्त किया तथा आरोपी एवं विधि विरुद्ध बालक को संबंधित न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। अपराध क्रमांक 337/23 धारा 8,21,22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 औषध अधिनियम के तहत जप्त सामग्री। 840 आनरेक्स कड़ सिरप कीमती ड़142800 होंडा अमेज कार एमपी 17 सीडी 0142। गिरफ्तार आरोपी शिवम गुप्ता पिता फूलचंद गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी सीतापुर थाना लौर जिला रीवा मध्य प्रदेश।

**महत्वपूर्ण भूमिका**-थाना प्रभारी चेतन मर्सकोले, उप निरीक्षक विकास सिंगौर उपनिरीक्षक प्रज्ञा पटेल रंनु देवी इंद्रेश पांडे अमर सिंह तौसीफ खान राकेश वर्मा कन्हैया पटेल शिव कुमार दुबे विकास सिंह दिवाकर सिंह सुरेंद्र यादव संजीव यादव अजय यादव एवं नितिन शुक्ला रत्नाकर सिंह देव प्रताप सिंह ऋतुराज सिंह अलका सिंह की भूमिका रही।

## संत शिरोमणि रविदास स्मारक निर्माण समरसता यात्रा अटेर से आज होगा शुभारंभ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा जन अभियान परिषद के सहयोग से निकाली जा रही राष्टीय संत शिरोमणि श्री रविदास स्मारक निर्माण समरसता यात्रा जिले के पांचों विधानसभाओं में 28 से 30 जुलाई को पहुंचेगी। यहां पार्टी कार्यकर्ता एवं सर्व समाज के लोग यात्रा का भव्य पूजन करते हुए उनके चरण पादुकाओं का पूजन एवं स्वागत अगवानी करेंगे जिसकी तैयारियां पांचों विधानसभाओं में प्रारंभ कर दी गई है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सागर में संत शिरोमणि रविदास मंदिर निर्माण 100 करोड़ की लागत से प्रारंभ किया जा रहा है इसका भूमि पूजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा जिसमें हम सब लोग भी सागर पहुंचकर यात्रा में शामिल हो और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचा कर रविदास के विचारों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं को स्वागत की जिम्मेदारी दी गई है अपने दायित्व के प्रति फूलों से सजे सोकर यात्रा को सफल बनाना है।

जिन विकास खंडों में हमारी प्रमुख नदियां हैं जैसे चंबल जमुना क्वारी सिंध बैसली अनेक नदियों से मिट्टी एवं उसका जल लेकर यात्रा में प्रतिदिन जगतगुरु के



जीवन पर आधारित संभाग आयोजन के साथ यात्रा में चल रहे रथ में रखेंगे। ताकि पांचों विधानसभाओं का जल और मिट्टी सागर के मंदिर निर्माण में पहुंच सकें। श्री नरवरिया ने यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि 27 जुलाई को मिण्ड विधानसभा अटेर के ग्राम पंचायत उदोतगढ . से यात्रा प्रारंभ होगी और जनसंवाद मैं अहरौली काली पता पुरा 11 बजे सुबह पहुंचेगी रात्रि विश्राम पता पुरा अटेर में होगा। दूसरे दिन 28 जुलाई को विधानसभा भिंड यात्रा प्रारंभ मानपुरा जनसंवाद स्थान ग्राम पंचायत बारह कला उमरी से गोराई 11ः 30 बजे सुबह पहुंचेगी। तीसरे दिन 29 जुलाई को विधानसभा लहार यात्रा प्रारंभ रौन से होगी जनसंवाद स्थल रौन मिहोना, दोपहर 12 बजे पहुंचेगी। 30 जुलाई को विधानसभा लहार यात्रा प्रारंभ स्थल रौन लहार अमायन मेहगांव दोपहर 1 बजे इसी दिन विधानसभा मेहगांव यात्रा प्रारंभ से जनसंवाद विरखडी, गोहद चौराहा दोपहर 2 बजे,इसी दिन विधानसभा गोहद से यात्रा प्रारंभ जनसंवाद स्थल चितौरा क्षांकरी मौ शाम 4 बजे पहुंचेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि अधिक से अधिक प्रभावी संख्या में यात्रा का स्वागत करें जगह जगह पुष्प वर्षा भी कर यात्रा की अगवानी कर यात्रा में चल रहे संतों का मार्गदर्शन प्राप्त करें।

## डिप्टी कलेक्टर निकिता मंडलोई ने समझाया उत्तर वैदिक काल

**हमेश कटरे रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**



डिप्टी कलेक्टर निकिता मंडलोई ने उत्तर वैदिक काल पर शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक छात्र छात्राओं को समझाने लेक्चरड़ दिया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. गोविंद सिरसाटे, विकास हमर सम्मान निःशुल्क कोचिंग के संयुक्त संचालक सोनू प्रकाश प्रजापति, सहायक संचालक बलराम प्रजापति और छात्र छात्राएं उपस्थित थे। डिप्टी कलेक्टर निकिता मंडलोई ने कहा कि इतिहास से हमे अतीत के बारे मे पता चलता है, किस तरह से सभ्यता का जन्म हुआ है। पाषाण काल से धीरे धीरे सभ्य समाज



बनता गया। उत्तर वैदिक काल के बारे में साहित्यिक साक्ष्यों से पता चलता है जैसे उपनिषद, मुण्डकोपनिषद से सत्यमेव जयते लिया गया है। इसी तरह दो महाकाव्य महाभारत और रामायण के बारे में वर्णन मिलता है। महाभारत का प्राचीन नाम जयसंहिता हैं। सुश्री मंडलोई ने बताया कि मगध का उत्कर्ष हर्यक वंश से होता है। जिसकी स्थापना बिंबिसार द्वारा की गई, मगध के उत्कर्ष पर विस्तार से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की पहल और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेज निरंतर संचालित हो रही है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 22 फरवरी 2023 को फ्रविकास हमर सम्मान निःशुल्क कोचिंग क्लासेज का शुभारंभ भव्य समारोह में किया गया था।

# नवनियुक्त उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को दिया जा रहा इंडक्शन प्रशिक्षण

**हमेश कटरे रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**

शिक्षक को भाग्य निर्माता की संज्ञा दी जाती है। शिक्षा को सर्व सुलभ और सभी विद्यालयों को पर्याप्त शिक्षक युक्त बनाने के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए नवीन उच्च माध्यमिक शिक्षक व माध्यमिक शिक्षकों की नियुक्ति हाल ही में की गई है। शिक्षण जैसे पुनीत कार्य की बागडोर संभालने से पूर्व नवनियुक्त उच्च माध्यमिक शिक्षक व माध्यमिक शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षण के बुनियादी सिद्धांतों से भलीभांति परिचित कराने के उद्देश्य से इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें नवनियुक्त शिक्षको को प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इंडक्शन प्रशिक्षण आवासीय होता है जिसमें दुर दराज से आए नवनियुक्त शिक्षको के रहने और भोजन की व्यवस्था होती है। इसी तारतम्य में नवनियुक्त उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों का 5 दिवसीय आवासीय इंडक्शन प्रशिक्षण बालाघाट जिले के महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में 24 जुलाई 2023 से आयोजित किया गया है जो कि 28 जुलाई 2023 तक होगा, जिसमें बालाघाट जिला एवं सिवनी जिले के नवनियुक्त शिक्षको को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान श्री अश्विनी उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट, डा मनोज जैन प्राचार्य महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ी बालाघाट के प्राचार्य एस के तुरकर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेड़ा के प्राचार्य बी एस घरते, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्रा की प्राचार्य श्रीमती विद्या रामटेके एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डाइट बालाघाट की प्राचार्य श्रीमती गीता बंशपाल, प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती अर्चना बोरकर एवं समस्त नवनियुक्त शिक्षक उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण नवनियुक्त शिक्षको को शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली एवं शिक्षण कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतु आयोजित हैं। जिसमें आपको सभी प्रकार की जानकारी ट्रेनर्स के द्वारा दी जाएगी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मनोज जैन के द्वारा भी नवनियुक्त शिक्षको को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

**प्रशिक्षण में नवनियुक्त शिक्षक जान रहे हैं शिक्षा विभाग के गुर**-प्रशिक्षण के माध्यम से नवनियुक्त शिक्षक आधुनिक विभागीय गतिविधियों, तकनीकों और कार्यशैली से परिचित हो रहे हैं और कक्षा शिक्षण के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें अनुशासन, व्यवहारिक कक्षा शिक्षण, कक्षा की समस्याओं, छात्रों और अभिभावकों के साथ बातचीत विचारों के आदान-प्रदान, शिक्षा विभाग की उपलब्धियों, वर्तमान शिक्षा स्तर और मध्य प्रदेश सरकार की शिक्षा प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को विभिन्न मनोवैज्ञानिक विधियों के माध्यम से समानता आधारित शिक्षा प्रदान करने के महत्व के संबंध में नवनियुक्त शिक्षकों को जानकारी दी जा रही है।




**प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स दे रहे हैं प्रशिक्षण**- आयोजित इंडक्शन प्रशिक्षण में जिले के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा नवनियुक्त शिक्षको को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ी बालाघाट के प्राचार्य एस के तुरकर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेड़ा के प्राचार्य बी एस घरते, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्रा की प्राचार्य श्रीमती विद्या रामटेके एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट की प्राचार्य श्रीमती गीता बंशपाल के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**अब तक इन विषयों से परिचित हुए नवनियुक्त शिक्षक**-मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा नवनियुक्त शिक्षको को विभागीय संरचना, नव नियुक्ति पश्चात की जाने वाली कार्यवाही, विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति, अच्छे स्कूल की विशेषताएं, प्रार्थना सभा, शिक्षक डायरी, सीसीएलई, गोपनीय प्रतिवेदन, परिवीक्षा अवधि, एनपीएस सेवा पुस्तिका का संधारण, भंडार क्रय नियम, विभाग एवं संचालनालय अंतर्गत संचालित योजनाएं, टीचर जॉब चार्ट, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, सहशैक्षिक गतिविधियों का संचालन, विद्यार्थी उपस्थिति, एजुकेशन पोर्टल, विमर्श पोर्टल, दीक्षा/निष्ठा पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, परिवेदना निवारण पोर्टल तथा झंडा संहिता की जानकारी प्रशिक्षण में प्रदान की गई है। जिसे पाकर नवनियुक्त शिक्षको में अलग ही उत्साह प्रकट किया है।

**जिला सिवनी के नवनियुक्त शिक्षको ने व्यवस्था और ट्रेनर्स की तारीफ की**-जिले में आयोजित इंडक्शन प्रशिक्षण में जिला सिवनी से नवनियुक्त 19 शिक्षकों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस आवासीय प्रशिक्षण में रुकने और भोजन की व्यवस्था को लेकर बालाघाट जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती अर्चना बोरकर का धन्यवाद जताया और कहा कि हमें पहली बार इस तरह से अच्छी आवासीय सेवा प्रदान की गई है। इसके लिए हम सभी सिवनी जिले के नवनियुक्त शिक्षक आभार प्रकट करते हैं। वहीं मास्टर ट्रेनर्स के बारे में बताया कि यह सिवनी जिले के नवनियुक्त शिक्षको का सौभाग्य है कि उन्हें बालाघाट जिले में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला और इस अवसर से बढ़कर मिलनसार और बहुमुखी प्रतिभा के धनी मास्टर ट्रेनर्स हमें प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। ज्ञात हो कि बालाघाट जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय के द्वारा प्रशिक्षण के पहले दिन ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को आश्वस्त किया गया था कि किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी।

## विकास खण्ड लहार 27 जुलाई, मेहगांव 28 जुलाई एवं रौन 29 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । सुरक्षा गार्ड एवं अन्य कंपनियों के सहयोग से समस्त विकास खण्ड स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जावेगा। जिसके अन्तर्गत विकास खण्ड लहार 27 जुलाई, विकास खण्ड मेहगांव 28 जुलाई एवं विकास खण्ड रौन 29 जुलाई 2023 को रोजगार मेलों का आयोजन किया जावेगा। उक्त मेले संबंधित जनपद पंचायत में आयोजित किये जायेंगे। जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र.डे.रा.ग्रा. आजीविका मिशन द्वारा समस्त विकास खण्ड प्रबंधक म.प्र.डे.रा.ग्रा. आजीविका मिशन को रोजगार मेले के आयोजन के संबंध में कहा गया है।

## तहसीलदार बीके मिश्रा का सतना से कटनी तबादला

पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी

**सतना।** नायब तहसीलदार अमरपाटन शैलेंद्र बिहारी शर्मा का कटनी, सुमित कुमार गुर्जर का चित्रकूट से अनूपपुर, अजीत कुमार तिवारी का बिरसिंहपुर से कटनी, नागेंद्र त्रिपाठी का इंदौर, अनुराधा सिंह का कटनी, आशीष शर्मा का उमरिया हुआ तबादला वहीं नायब तहसीलदार अनुराग सिंह मरावी उमरिया से सतना, यतीश शुक्ला रीवा से सतना, निष्ठा चौधरी रीवा से सतना, सौरभ मिश्रा सीधी से सतना, नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार तिवारी का प्रभारी तहसीलदार बैतूल के रूप में तबादला प्रभारी तहसीलदार राय सिंह कुशराम का मंडला से सतना तबादला

**तहसीलदार जितेंद्र तिवारी का रीवा से सतना तबादला**–नायब तहसीलदार सुमित गुर्जर का अनूपपुर, शैलेंद्र बिहारी शर्मा का कटनी, अजीत कुमार तिवारी का कटनी, नागेंद्र त्रिपाठी का इंदौर, सुश्री अनुराधा सिंह कटनी तबादला।

## सीरवी समाज ट्रस्ट अत्तिबेले आईमाता वडेर में श्री आईजी फिल्म का प्रदर्शन

पुष्पाजंली टुडे



बेंगलुरू। सीरवी समाज अत्तिबेले आईमाता वडेर प्रांगण में मंगलवार शाम को श्री आईजी नामक राजस्थानी फिल्म का प्रदर्शन किया गया । आई माताजी जीवनी पर आधारित फिल्म देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक बालक, बालिकाएं, महिलाएं पुरूषों ने फिल्म देखने का लाभ लिया । इस अवसर पर वडेर के अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौड़ पूर्व अध्यक्ष मूलाराम पूर्व कोषाध्यक्ष वेनाराम उपाध्यक्ष हेमाराम हाम्बड सचिव किशोर चोयल कोषाध्यक्ष रमेश गहलोत ,खुमाराम, दिलीप गहलोत , मोहन सोलंकी ने फिल्म सह-निर्माता गोतम चोयल निर्देशक हेमन्त चोयल, गीतकार लखन चौधरी ,आर्टिस्ट किशन सिंह का राजस्थानी परंपरागत शॉल माला पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर वडेर के अध्यक्ष रामलाल काग सचिव नेमाराम पवांर सहित समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।फिल्म सह -निर्माता गोतम चोयल ने फिल्म बनाने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि हर माता पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाए साथ ही उनके उपर ध्यान रखना चाहिए। बच्चों के लिए भी समय देना चाहिए।

## सीरवी सेवा संघ ट्रस्ट अड़कमारनहल्ली वडेर में श्री आईजी फिल्म का प्रदर्शन

पुष्पाजंली टुडे



बेंगलुरू। सीरवी सेवा संघ अड़कमारनहल्ली वडेर प्रांगण में श्री आईजी नामक राजस्थानी फिल्म का प्रदर्शन किया गया । आई माताजी जीवनी पर आधारित फिल्म देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक बालक, बालिकाएं, महिलाएं पुरूषों ने फिल्म देखने का लाभ लिया । सेवा संघ ट्रस्ट अड़कमारनहल्ली की ओर से फिल्म निर्माता भंवरलाल चोयल एवं कगेरी वडेर के सचिव सुरेश देवड़ा महासभा महिला वींग के अध्यक्ष लीलाबाई एवं राजस्थान से पधारे मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त उमाराम चौधरी मुख्य वन संरक्षक का राजस्थानी परंपरागत शॉल माला पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर वडेर के अध्यक्ष रामलाल काग सचिव नेमाराम पवांर सहित समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।फिल्म निर्माता भंवरलाल चोयल ने फिल्म बनाने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि हर माता पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाए साथ ही उनके उपर ध्यान रखना चाहिए। बच्चों के लिए भी समय देना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष रामलाल काग ने कहा की ये फिल्म सभी को देखकर इससे कुछ सिखना चाहिए। मंच का संचालन मोहन सीरवी ने किया ।

## थाना सिंहपुर पुलिस एवं ग्रामीणों की तत्परता ने बचाई दो युवकों की जान

पुस्पंजली टुडे, राजेश कुमार तिवारी

**सतना।** घटना का विवरण आज दिनांक 25.07.23 को ग्राम टीकर सरपंच वीरेन्द्र कोरी के घर के कुंए में कुत्ता गिर जाने पर मुकेश कुमार कोरी पिता भगवानदीन कोरी उम्र 30 वर्ष सा.टीकर का कुत्ता को बचाने कि ले कुंए में घूसा था जो कुंए के अंदर बेहोश हो गया था जिसे बचाने के लिए राजेश कुमार कोरी पिता भगवानदीन कोरी उम्र 36 वर्ष सा.टीकर का कुंए में घूसा जो राजेश कोरी भी कुंए में बेहोश हो गया जिसकी सूचना थाने में प्राप्त होने पर थाना सिंहपुर पुलिस तत्काल मौके पर ग्राम टीकर पहुंचकर कुंए के अंदर से मुकेश कोरी एवं राजेश कोरी दोनों निवासी टीकर को काफई कठिनाईयों से बेहोशी की हालत में बाहर निकाले एवं थाना के शासकीय वाहन से सीएचसी नागौद ले गये जहां दोनों का ईलाज कराया गया जो अब खतरे से बाहर है । सराहनीय भमिका ङ्क थाना प्रभारी सिंहपुर उप निरी. शैलेन्द्र पटेल,सउनि भैयालाल वर्मा,सउनि दीपक कुमार, आर.पुष्पेन्द्र सिंह,आर. ध्रुव।

# शासकीय किला स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों ने तोड़ा शिवलिंग

### बजरंग दल एवं एनएसयूआई ने अलग-अलग दिया कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन

**अंबाह।** शासकीय किला स्कूल परिसर में बीते शाम अज्ञात लोगों ने एक प्राचीन शिवलिंग को तोड़ दिया, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई है। बुधवार की सुबह जब लोगों को इस घटना की जानकारी लगी तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता जिला प्रमुख मनीष शर्मा के नेतृत्व में एकत्रित हुए और घटना के विरोध में उन्होंने नगर पालिका चौराहे पर नारेबाजी की। बजरंग दल प्रमुख मनीष शर्मा का कहना था कि बीते 3 माह में इस तरह की तीन घटनाएं हो चुकी हैं जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है अगर समय रहते मंदिरों पर सुरक्षा नहीं की गई तो और भी



घटनाएं घट सकती हैं। उन्होंने थाना पहुंचकर नगर निरीक्षक को ज्ञापन दिया और दोषियों को पकडने तथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसी तरह एनएसयूआई प्रमुख रोहित, बंटी गुधैनिया ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली और युवाओं के साथ थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया। रोहित ने कहा कि असामाजिक तत्वों एवं नशेड़ी आवारा लोगो व्दारा स्कूल परिसर में रात होते ही कब्जा कर लिया जाता है, जिसके बाद तमाम तरह के गलत कार्य किला स्कूल परिसर में होते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह के तत्वों ने इस कार्य को अंजाम दिया है जो कि बहुत गलत है। रोहित ने पुलिस प्रशासन से दोषी का पता लगाकर दंडित करने की मांग की है।

## स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविरों का किया आयोजन




मुरैना। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला चिकित्सालय, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। शिविर में बी.पी., सुगर (जीडीएम) हीमोग्लोबिन की जांच कर हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उचित उपचार एवं परामर्श दिया गया। इसके साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं को स्वल्पहार भी वितरित किया।

# रैगांव विधानसभा सीट से कांग्रेस के दावेदारों में कई नाम आये सामने



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी

सतना। जिले के रैगांव विधानसभा सीट से कांग्रेस से टिकट की चाह रखने वाले कई दावेदारों के नाम सामने आये हैं, ऐसा माना जा रहा है कि प्रमुख रूप से जो दावेदार हैं उनमे विधायक कल्पना वर्मा, गया बागरी, जनपद सदस्य सीमा बागरी, मनोज बागरी बबलू, प्रभा जित्तू बागरी जैसे कई नाम शामिल हैं। जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों में दावेदार बड़ चड़ हिस्सा ले रहे हैं उससे यह साफ नजर आ रहा है कि कहीं ना कहीं उन्हें कांग्रेस पार्टी से विधानसभा टिकट मिलने की आशा दिखाई दे रही है। फिलहाल कांग्रेस पार्टी किसको टिकट देती है यह तो कांग्रेस पार्टी तय करेगी, लेकिन लगातार दावेदारी करने वाले लोगों का क्षेत्र में आमजन से जनसम्पर्क चर्चाओं का विषय जरूर बना हुआ है।

## समरसता यात्रा का टेंटरा पहुंचने पर भव्य स्वागत



मुरैना। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता के नेतृत्व में जिले भर के भाजपा नेताओं ने मुरैना जिले के टेंटरा में संत रविदास जी की चरण पादुका और कलश पूजन कर समरसता यात्रा का भव्य स्वागत किया। टेंटरा आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष टेंटरा चौराहे से रथ से संत रविदास जी की चरण पादुकाओं को सर पर रख कर शासकीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने संतों का सम्मान कर आमजन को संबोधित किया। यात्रा के सह प्रभारी पूर्व विधायक एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त घनश्याम पिरौनिया साथ-साथ प्रमुख रूप से उपस्थित थे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणी किसी समाज और वर्ग के नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के संत थे। उनका जीवन दर्शन और समरसता संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार सागर के बडतुमा में 100 करोड से संत रविदास जी का भव्य मंदिर बना रही है। संत रविदास जी के मंदिर निर्माण से हर समाज की भावनाएं जुडी हुई है। समरसता यात्रा के माध्यम से प्रदेश का हर वर्ग और व्यक्ति मंदिर निर्माण से जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान प्रत्येक गांव की मिट्टी और पवित्र नदियों एवं जलाशयों का जल एकत्रित होगा। जिसका उपयोग संत रविदास मंदिर निर्माण में होगा।

## जिला परिषद सदस्य पूनाराम भायल का चेन्नई में सम्मान

पुष्पाजंली टुडे



चेन्नई- जिला परिषद सदस्य भाजपा के युवा नेता पूनाराम भायल के चेन्नई आगमन पर मदुयवोयन तालुक गिरवी व ज्वेलरी संगठन के मंत्री नारायण लाल सीरवी के निवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीरवी समाज ट्रस्ट पोरूर के अध्यक्ष भोलाराम, जालाराम, लसाराम, अशोक, मुकेश, देवाराम, जेठाराम, पेमाराम, दुर्गाराम, बींजाराम, तुलसाराम, सावलराम, राजूराम, मांगीलाल ने पूनाराम का शाल द्वारा सम्मान किया गया ।इस अवसर पर पूनाराम सीरवी ने कहा आने वाला समय बहुत नाजुक आरहा है आप सभी राजस्थान व्यापारी संघठन को एकता बनाए रखनी हैं और राजस्थान में भी आपको राजनीति में बढ़ चढ़ कर भाग लेना होगा तभी आपके देश हित वाले लोगो जीत दिला पाओगे। आने वाले समय में आप सभी को भाजपा को साथ देकर जीत दिलाने के लिए राजस्थान में वोट लिस्ट में आप सपरिवार का नाम जोड़े।समय बदलाव का है इसलिए नए युवाओं का साथ देकर आगे लाए। पार्टी का आदेश सर्वोपरि हैं जो पार्टी का आदेश होगा उनको हम भरी मतो से विजय दिलाएंगे।

## पवैया माद्यमिक शाला में किया गया साईकिल वितरण

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी



**सतना,कोठी-** विद्यालयों से अधिक दूरी के कारण होने वाली परेशानियों के चलते बालिकाओं के बीच में पढाई छोड़ने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से संचालित की गई निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पवैया में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र- छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ये रहे उपस्थित- श्रीमती सुनीता बबलू सिंह सरपंच पवैया, राकेश सिंह बबलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष,श्रीमती आरती चौधरी जिला पंचायत सदस्य,संजय कुशवाहा उपसरपंच,रामनिवास विश्कर्मा जनपद सदस्य, सुशील पांडेय विद्यालय प्राचार्य, महेंद्र सिंह ,अशोक वक्ताओं ने साइकिल वितरण को बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए महत्वपूर्ण बताया और सरकार को धन्यवाद दिया। वहीं साइकिल वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं अभिभावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कारगिल विजय दिवस के मौके पर शहीद पार्क में हुआ पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन



अंबाह। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर आज शहीद पार्क में पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कारगिल युद्ध के वीर शहीद सैनिकों को याद किया गया। आयोजन में बोलते हुए जिला अध्यक्ष कैप्टन केवी सिंह ने कहा कि हम देश के जांबाज सैनिकों की वजह से सुख चैन की सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में प्रदेश के सैनिकों ने अपनी कुर्बानी दी थी। देश इन सैनिकों की कुर्बानी को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि आज कारगिल दिवस के मौके पर हम सब अमर शहीदों का स्मरण करने के लिए एकत्रित हुए हैं। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों का स्मरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। आयोजन में कैप्टन केवी सिंह, दिनेश परमार, दुर्जन सिंह, सुरेश सिंह, हरिओम ओझा, रणवीर ओझा, रामसेवक शर्मा, संजू सिंह तोमर, गिरधर सिंह तोमर, राजकुमार सिंह तोमर, सतपाल सिंह तोमर, धर्मेंद्र सिंह तोमर, बाबूराम सखवार, सुरेश सिंह तोमर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478